## संक्षिप्त समाचार

### केवीके में पशुपालकों को दी गई दवा



**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर में सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम,नवादा के सौजन्य से सोखोदेवरा के पशुपालकों के बीच अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रम के अंतर्गत बकरियों को स्वस्थ रहने के लिए जरूरी दवाईयां का वितरण किया गया। केवीके के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० धनन्जय कुमार ने बताया कि 32 पशुपालकों के बीच लिवर टॉनिक,दस्त की दवा,भूख लगने वाली दवा,मल्टीविटामिन आदि दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया एवं पशुओं को स्वस्थ रखने के गुर बताए गए। वहीं पशुपालकों को पशुशाला की साफ-सफाई एवं स-समय कृमीनाशक दवाई का प्रयोग, टीकाकरण का महत्व,आहार एवं आवास प्रबंधन आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पिछले सप्ताह कुल 109 गिरफ्तारियां-एसपी

**नवादा** कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि विगत सात दिनों के अन्दर (22 अप्रैल 2024 से 28 अप्रैल 2024 तक) नवादा जिला में पुलिस द्वारा काफी संख्या गिरफ्तारियां की गई हैं, जो निम्नवत हैः- हत्या में 04, लूट में 03, डकैती में 07, अनुसूचित जाति/जनजाति में 06, हत्या के प्रयास में 08, बलात्कार में 01, मद्य निषेध संबंधी पीने के आरोप में 06, अन्य गंभीर आरोप में 18 एवं अन्य गिरफ्तारी 56 कुल 109 गिरफ्तारियां की गई हैं। ,सात दिनों के अन्दर बरामदगी अन्तर्गत 143.5 लीटर देशी शराब, 02.19 लीटर विदेशी शराब, वाहन अन्तर्गत मोटरसाईकिल 03, कार 02 एवं ट्रैक्टर 07, वाहन चेकिंग में फाईन की कुल राषि 06 लाख 97 हजार 500 रू0 बरामद किया गया। अन्य बरामदगी अन्तर्गत- गांजा-176 किलोग्राम, लाठी-02, विकेट-01, लोहा फाईटर-01, हॉकी स्टीक-01, अपहता-04, मोबाईल-04, नगद-20,000 रूपये बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने हेतू लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### अज्ञात ट्रेन से गिरकर एक वृद्ध की हुई मौत , शव का नहीं हुआ शिनाख्त

**बछवाड़ा ( बेगूसराय )।** थाना क्षेत्र के बछवाड़ा पंचायत के सिसवा गांव स्थित सोनपुर मंडल के बछवाड़ा समस्तीपुर रेल खंड के रेलवे गुमटी संख्या 23 के समीप अज्ञात ट्रेन से गिरकर एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई । ट्रेन से गिरकर वृद्ध की मौत होने की खबर इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गया और देखने वाले लोगों की भीड़ जमा हो गई । स्थानीय लोगों द्वारा रेलवे ट्रैक के समीप एक वृद्ध शव होने की सूचना रेलवे गुमटी पर कार्यरत गेटमैन को दिया गया । रेलवे गुमटी पर कार्यरत गेटमैन ने मामले की सूचना स्टेशन अधीक्षक बछवाड़ा को दिया । स्टेशन अधीक्षक बछवाड़ा ने मामले की सूचना जीआरपी थाना पुलिस को दिया । ट्रेन से गिरकर मौत होने की सूचना पाकर बछवाड़ा जीआरपी थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचा । लेकिन मृतक का शव बछवाड़ा लोकल थाना के कार्य क्षेत्र में रहने को लेकर जीआरपी बछवाड़ा द्वारा घटना की सूचना बछवाड़ा लोकल थाना को दी गई । घटना की सूचना पाकर बछवाड़ा थाना पुलिस तत्क्षण घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया व पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि रेलवे गुमटी संख्या 23 के समीप अज्ञात ट्रेन से गिरकर एक साठ वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई है । शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है । मृतक का रंग सांवला है। मृतक उजला पर ब्लू रंग का चेकदार शर्ट , भूरा रंग का फूल पेंट पहने हुए हैं । उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के उपरांत सुरक्षित रखा गया है । परिजनों का इंतजार किया जा रहा है । शव का शिनाख्त होने पर शव को परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। शिनाख्त नहीं होने की स्थिति में 72 घंटे के बाद पुलिस नियमावली के अनुसार इसका अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

### 146 बेगूसराय विधान सभा स्थित बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रजौरा दुर्गा मंदिर चेक पोस्ट का निरीक्षण

**बेगुसराय।** सामान्य प्रेक्षक मो० तैयब के द्वारा 146-बेगूसराय विधानसभा स्थित रजौड़ा दुर्गा मंदिर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया उक्त चेक पोस्ट पर उन के द्वारा जांच पंजी का अवलोकन किया गया।इसी क्रम में 146 बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र के चार मतदान केन्द्र संख्या 152, 153, 154 एवं 155 उच्च विधालय रजौड़ा का निरीक्षण किया गया एवं मतदान केन्द्र पर उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी। PWD वोटरर्स से संबंधित सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गयी।इसी क्रम में 141-चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र Dispatch Centre एवं 147 बखरी विधान के Dispatch centre जो कि RCS College मंझौल में स्थित है का भी निरीक्षण किया गया एवं चुनाव आयोग से दिशा-निदेश के आलोक में की गयी तैयारियों की जानकरी ली गयी। 146-विधान सभा क्षेत्र बेगूसराय के मध्य विधालय कोरिया स्थित 02 मतदान केन्द्रों बूथ संख्या-117 एवं 118 का निरीक्षण किया गया 146-विधान सभा क्षेत्र बेगूसराय के मध्य विधालय मोहनपुर स्थित 03 मतदान केन्द्रों बूथसंख्या-123, 124 एवं 125 का निरीक्षण किया गया।144-मटिहानी विधानसभा क्षेत्र के मध्य विधालय हरदिया स्थित 05 मतदान केन्द्रों बूथ संख्या-64, 65, 66, 67 एवं 68 का निरीक्षण किया गया।इस मौक पर उप विकास आयुक्त श्री सोमेश बहादुर माथुर, सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-अनुमंडलपदाधिकारी, मंझौल श्री प्रमोद कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, बखरी श्री सन्नी सौरभ, प्रखंड विकास पदाधिकारी चेरिया बरियारपुर एवं निर्वाचन संबंधी अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### 80 किमी दूर से दुल्हन के जोड़े में प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका, प्रेमी ने कविया मंदिर में खुशी-खुशी लिए सात फेरे

**भगवानपुर (बेगूसराय)।** भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोख्तियारपुर पंचायत के कविया गांव स्थित सरस्वती मंदिर में एक अनोखी शादी का मामला प्रकाश में आया है। जहां प्रेमिका दुल्हन के जोड़े को प्यार का ऐसा खुमार चढ़ा कि वह वैशाली जिले के करनौती उत्तरवारी टोला से 80 किलोमीटर बेगूसराय जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किरतपुर पंचायत के अकहा निवासी अशोक चौरसिया के पुत्र प्रेमी रूपेश कुमार के घर शादी करने पहुंच गई। वहां यह माजरा देखते ही लोगों की भीड़ जुट गई। प्रेमिका को देखते ही लड़का पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताई। लेकिन ग्रामीणों की भीड़ ने दोनों के प्रेम को देखकर शादी करने का निर्णय लिया। दोनों के रजामंदी से कविता गांव स्थित सरस्वती मंदिर में एकदूजे के डोर में बांध दिया।दरअसल वैशाली जिले के करनौती उत्तरवारी टोला निवासी राजेश्वर चौधरी की पुत्री काजल कुमारी अपने प्रेमी से छुप-छुप कर प्यार कर रहे थे। दोनों एक दूसरे से लंबे समय से इश्क लड़ा रहे थे। दोनों एक दूसरे से बेइंतहा प्यार करते थे। दुल्हन ने जब अपने परिवारवालों को अपने प्रेमी से शादी कराने की बात कही तो परिवारवालों ने इंकार कर दिया। फिर लड़की सोलह श्रृंगार कर बिना किसी से पूछे दुल्हन के जोड़े में लड़की अपने दूल्हे के घर पहुंच गई। जहां प्यार को पाने की जिद ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया। वही ग्रामीणों ने गांव में इस अनोखी शादी देखने की ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। तभी लड़के के परिवार के कुछ सदस्य भी नए जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे। नवदम्पत्ति को नए जीवन की शुरुआत करने के लिए शुभकामनाएं दी। कविया गांव स्थित सरस्वती मंदिर में शादी रचाई।

# भीषण सड़क हादसा में एक महिला एवं ई रिक्सा चालक की मौत,आधा दर्जन लोग हुए घायल

**महुडर मुख्य पथ पर छतवईया आहर के पास स्कॉर्पियो और ई रिक्शा में हुई जोरदार सीधी टक्कर**

**दो की हालत चिंताजनक, घायल अन्य सभी रेफर**

निज संवाददाता। कौआकोल



कौआकोल-महुडर मुख्य पथ पर छतवईया आहर के पास सोमवार की दोपहर स्कॉर्पियो और ई रिक्शा में हुई जोरदार सीधी टक्कर में ई-रिक्शा में सवार एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि इसी वाहन के चालक समेत आधा दर्जन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर व चिंताजनक बताई जा रही है। जबकि शेष अन्य सभी घायलों को भी बेहतर ईलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल थाना क्षेत्र के मछन्दरा गांव निवासी रोहित साव अपना ई-रिक्शा पर कौआकोल बाजार से यात्री बैठाकर महुडर की ओर जा रहे थे। तभी रानीबाजार गांव से आगे छतवईया आहर के पास विपरीत दिशा से तीव्र गति से आ रही एक स्कॉर्पियो वाहन चालक ने ई-रिक्शा में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए एवं उसमें सवार महुडर गांव निवासी नरेश साव की 45 वर्षीय पत्नी मीणा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन चालक व मछन्दरा गांव निवासी रोहित साव,महुडर गांव निवासी नरेश साव एवं उनकी पुत्री पूजा कुमारी एवं ई-रिक्शा में सफर कर रहे महुडर गांव निवासी विकास कुमार,पिता-हरि यादव तथा मधुरापुर गांव निवासी नंदकिशोर उर्फ नन्दू यादव की पुत्री माया कुमारी एवं सुरेश यादव की पुत्री सुनीता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया। घायलों में विकास कुमार और सुनीता कुमारी की हालत गंभीर व चिंताजनक बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो एवं ई-रिक्शा को जब्त कर लिया है जबकि मृतक महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।ई रिक्सा चालक रोहित साव की मौत इलाज के क्रम में हो गयी.

# फिंगरप्रिंट क्लोनिंग कर साइबर फ्रॉड मामले में पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

**दो लाख नकद समेत कई सामान बरामद**



निज संवाददाता। नवादा

नवादा जिले की साईबर थाना पुलिस ने वारिसलीगंज पुलिस के सहयोग से चार को साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर फ्रॉड अपराधियों से पुलिस ने 2 लाख नगद, सात मोबाइल ,दो लैपटॉप, चेक बुक, पासबुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड ,ओटीजी मशीन, फिंगर स्कैनर स्टैंप, मेकिंग मशीन, नकली फिगर प्रिंट सहित 2 लाख कैश किया है। एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बढ़ते साईबर अपराधियों से निपटना पुलिस के लिए चुनौती से कम नहीं है। उक्त मामले अब साईबर थाना के कर्मी दक्ष हो चुके हैं। सफलता भी मिलने लगी है। बावजूद अभी बहुत काम करना शेष है। इस कांड में गिरफ्तार अभियुक्त नवलेश कुमार उम्र 26 साल पिता बिंदु राम ग्राम भलुआ थाना वारसलीगंज जिला नवादा, दूसरा अनिल कुमार पिता द्वारका पासवान ग्राम अषाढ़ी थाना में मुफ्फसिल जिला नवादा, राजकुमार उम्र 22 वर्ष पिता दरबारी चौधरी ग्राम मोसमा, वारसलीगंज जिला नवादा, रामबाबू पिता अवध चौहान ग्राम ईश्वर थाना सरमेरा जिला नवादा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी ऐसे मामले में बर्बाद हो रहे हैं। उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। जल्द ही युवाओं के बीच जागरुकता अभियान पुलिस आरंभ करेगी।

# भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने निकाला आदेश

निज संवाददाता। नवादा



नवादा प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए धारा 144 के तहत् आदेश निर्गत किया गया है कि नवादा जिला के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों (प्री स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों, कोचिंग संस्थानों सहित) में 10वीं० कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 10:30 बजे से संध्या 04:00 बजे तक एवं वर्ग 11वीं एवं 12वीं के कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार नवादा जिला में भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। विद्यालय प्रबंधन को जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया जाता है कि वे उपर की उल्लेखित आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को तद्नुसार निर्धारित करेंगे। उक्त आदेश दिनांक 30.04.2024 तक प्रभावी रहेगा।

# बच्चपन से जो भक्त भगवान का भक्ति करता है उस पर भगवान जल्दी प्रसन्न होते हैं - देवी चित्रलेखा

निज संवाददाता। नवादा



नारायण का नाम श्रद्धा से लिए जाय तो जीवन सफल हो जाता है। बच्चपन से जो भक्त भगवान की भक्ति करता है उस पर भगवान जल्दी प्रसन्न होते हैं उक्त बातें राजाबिगहा गांव में आयोजित 9 दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ में कथा व्यास देवी चित्रलेखा जी ने अपने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा अजामिल की कथा हमें बताती है कि उल्टा सीधा जैसे भी भगवान का नाम लेते हैं भगवान सभी पर दया करते हैं। उहोने कहा कि किसान अपने खेत में धान का बीज डालता है तो यह नही देखता है कि उल्टा गिरा है या सीधा सभी बीज उग जाता है। इसी तरह आप हर हमेशा चलते फिरते खाते पीते हर समय भगवान का नाम हरे कृष्ण हरे हरे, हरे रामा हरे हरे भजते रहीए। यही अजामिल की कथा हमे बताती है। देवी चित्रलेखा ने श्री सुकदेव जी महाराज की कथा के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालिओं को भक्ति मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भगवान का जो भक्त होता है, वह बच्चपन से भक्ति मार्ग में लग जाता है। जिसने अपना बच्चपन और जवानी भक्ति में लगाया हो उस पर भगवान जल्दी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अभिमान नही करना चाहिए। भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए कहा कि हिरण्यकश्यपु को अभिमान हो गया था। हिरणकश्यपु खुद को भगवान मानने लगा था। तब भगवान नारायण ने उनके घर में ही पुत्र के रूप में भक्त प्रह्लाद को जन्म दिया। भक्त प्रह्लाद हर समय नारायण नारायण भजते रहता था जिससे उसके पिता हिरण्यकश्यपु ने नाराज होकर अपने पुत्र को जान से मारने के लिए उसे पहाड़ से फेक दिया। अग्नि में जला कर मारने का प्रयास किया लेकिन सभी जगहों पर भगवान उसकी रक्षा की। जो भक्त भगवान कि भक्ति में लगा रहता है उसको कोई मुश्किल अड़चन बाधा कुछ नही बिगाड़ सकती। श्री मन नारायन नारायण के भक्ति संगीत ने सब को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा श्रवण एवं रासलीला देखने के लिए श्रद्धालिओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। रासलीला कथा प्रवचन का आयोजन 3 मई तक चलेगा। यज्ञ में मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, मौत कुआ आदि लगाएं गए हैं और साथ में कई तरह की मिठाई, चाट, खिलौने आदि की दुकानें सजी हुई है।

# वन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, अभ्रक माइंस से एक हाइवा ट्रक को किया जब्त

**10 खनन माफियाओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज**

निज संवाददाता। रजौली




थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के भानेखाप गांव में बीती मध्य रात्रि में अवैध खनन के विरुद्ध वन विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई।इस कार्रवाई का नेतृत्व डीएफओ संजीव रंजन ने किया।मौके पर वनपाल पंकज कुमार व रवि कुमार,वनरक्षी गौतम ओझा,रंजन कुमार,रवि कुमार,सुग्रीव कुमार,रणवीर सिंह,संजीव कुमार एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार सशस्त्र बलों के साथ मौजूद रहे।डीएफओ संजीव रंजन ने कहा कि गुप्त सूचना के आलोक में रविवार की रात्रि लगभग 12 बजे भानेखाप स्थित अभ्रक माइंस में छापेमारी की गई।इस दौरान माइंस से अभ्रक लोड करने पहुंचे एक हाइवा ट्रक को जब्त किया गया।वहीं खनन में संलिप्त तिलैया बस्ती के संजय यादव,राजेन्द्र पण्डित,राजेश सिंह यादव,कोडरमा के राजकुमार यादव,विक्की पण्डित,दिलीप कुमार उर्फ लुल्हा,गुर्जर राजवंशी,बीरू पंडित,कृष्णा सिंह एवं चन्दन सिंह के विरुद्ध वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।उन्होंने कहा कि मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।वहीं वन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से खनन माफियाओं में खौफ का माहौल व्याप्त है।

# बकाया पैसे मांगने पर किरायेदार ने किया दुकानमालिक पर जानलेवा हमला, रेफर

निज संवाददाता। रजौली



थाना क्षेत्र में एनएच-20 स्थित कलाली मोड़ के समीप सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे दुकान के किरायेदार से बकाया पैसे मांगने पहुंचे दुकानमालिक श्री पण्डित उर्फ विकाश पण्डित को दुकानदार रामेश्वर साव ने जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया।जिससे दुकान मालिक गम्भीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।हो-हल्ला सुनकर पहुंचे पड़ोसी अविनाश कुमार ने घायल दुकानमालिक को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने घायल दुकानमालिक का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया।पीड़ित दुकानमालिक ने कहा कि कलाली मोड़ स्थित अपनी एक दुकान बांके मोड़ निवासी स्व मदन साव के पुत्र रामेश्वर साव को एग्रीमेंट के साथ किराये पर दिया हुआ था।वो विगत 4-5 वर्षों से दुकान में होम्योपैथी का व्यवसाय कर रहा था।बीते 11 माह से दुकानदार द्वारा किराया नहीं दिया गया।जिसको लेकर रोज टालमटोल कर रहा था।सोमवार की सुबह जब बकाया किराया मांगने गया तो उल्टा मुझपर 17 हजार रुपये चोरी का इल्जाम लगाकर विवाद करने लगा।इसी बीच दुकान में रखे एक कांच की बोतल को तोड़कर मुझपर जानलेवा हमला कर दिया।जिससे कनपट्टी के समीप गर्दन में 12 टांका एवं दायें हाथ के पंजे में तीन टांका लगा है एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटें आई है।पीड़ित दुकानदार ने कहा कि मामले को लेकर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़ित दुकानमालिक द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस द्वारा अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# धूम धाम से मनाई गयी भाभाशाह की जयंती समारोह

निज संवाददाता। नवादा




नवादा नगर परिषद क्षेत्र के एक होटल में आयोजित दानवीर भाभाशाह की जयंती समारोह की अध्यक्षता साहू समाज के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने किया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भाभा शाह के कृतितत्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की भाभाशाह अपनी दानवीरता एवं त्याग के लिये इतिहास में अमर हो गए. मौके पर नवादा पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद सह प्रदेश साहू समाज उपाध्यक्ष व समाजसेवी संजय साव ,छोटन साहु,संदीप कुमार चुन्नू,गौतम भारती महिला जिलाध्यक्ष किरण भारती एवं हिरा लाल साव,बिनय कुमार सुमन,सतेंद्र कुमार, बिनोद कुमार Lic ,नीतु रानी , बॉबी किरण ,साहू समाज के गण्यमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प समर्पित कर उन्हें याद करते हुए नमन किया.

# मोटरसाइकिल पर शराब ढ़ोनेवाले दो धंधेबाज गिरफ्तार,एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**19 शराब पीने वाले चढ़े उत्पाद विभाग के हत्थे**

निज संवाददाता। रजौली

थाना क्षेत्र के मुरहेना गांव के समीप से उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने मोटरसाइकिल से शराब की खेंप ढ़ोने वाले दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया।मौके से 20 लीटर शराब एवं एक मोटरसाइकिल को जब्त किया गया है।वहीं पुराने मामले में वांछित शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया।वहीं झारखण्ड की ओर से शराब पीकर बिहार में प्रवेश करने वाले 19 लोगों को हिरासत में लिया गया है।चितरकोली पंचायत अंतर्गत बिहार-झारखण्ड की सीमा पर स्थित समेकित जांच चौकी प्रभारी उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने हेतु उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच किया जा रहा है।साथ ही आसपास के क्षेत्र में गश्त कर भी शराब निर्माण,बिक्री,भंडारण,सेवन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।उत्पाद एसआई ने कहा कि गश्त के क्रम में मुरहेना गांव के समीप से एसआई सन्नी कुमार ने एक मोटरसाइकिल बजाज वी17 संख्या बीआर21एस6743 पर लदे 20 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया गया।साथ ही दो शराब धंधेबाजों लेंगुरा पंचायत के बीजवन गांव निवासी विजय राजवंशी के 20 वर्षीय पुत्र शिवा कुमार एवं सुरेश यादव के 17 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है।साथ ही बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं पुराने मामले में फरार चल रहे शराब धंधेबाज भौर गांव निवासी हरिश्चंद्र यादव के पुत्र भोला यादव को भी गिरफ्तार किया गया है।वहीं विभिन्न वाहनों से बिहार प्रवेश करने वाले 19 शराब पीने वाले लोगों को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।उत्पाद एसआई ने कहा कि गिरफ्तार लोगों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।इस मौके पर उत्पाद एएसआई अमित कुमार,उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार

# देवर ने टांगी से मारकर की भाभी की हत्या, आरोपी देवर गिरफ्तार



निज संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** सासाराम के कोचस थाना क्शेत्र के तेतरिया गांव में सोमवार की दोपहर टांगी से हमला कर देवर ने अपनी भाभी की हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हत्यारोपी देवर को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त टांगी को बरामद कर लिया है। मृतका गुड़िया देवी उम्र 39 वर्श, पति झामु राम बताए जा रहे हैं। मायका नोखा थाना क्शेत्र के खराड़ी गांव बताया जाता है और उसके पिता का नाम जोखन राम है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आए मृतका के पति ने कहा कि उसके भाई ने उसकी पत्नी की टांगी मारकर हत्या की है। घटना की सूचना के बाद पहुंचे एसडीपीओ कुमार वैभव, प्रखंड विकास अधिकारी दीपचंद जोशी, सीओ विनीत ब्यास, थाना अध्यक्श रंजीत कुमार सिन्हा गांव पहुंचकर परिजनों को समझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। थाना अध्यक्श ने बताया कि घटना का अंजाम देने वाले उसके देवर शंभूराम पिता सिपाही राम को धारदार हथियार के साथ हिरासत में लिया गया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा के अनुसार घर में आपसी रंजिश हत्या का कारण बताया जा रहा है। बताया कि घर में कुछ विवाद चल रहा था, आज उसी को लेकर पहले झगड़ा हुआ, फिर देवर ने भाभी पर टांगी से हमला कर दिया। बताया कि आरोपी शंभू राम पिता सिपाही राम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मृतका के गर्दन व पीठ में टांगी से हमला किया गया है। महिला के शरीर पर आधा दर्जन से जख्मों के निशान पाए गए हैं।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल



निज संवाददाता

**संझौली (रोहतास)।** सासाराम के संझौली थाना क्शेत्र में सासाराम-आरा स्टेट हाईवे पर सोमवार को एक दूल्हे की गाड़ी ने सड़क पर मरम्मती का काम कर रहे तीन लोगों को टक्कर मार दिया। इसमें से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए है। मृतक की पहचान बृजेश कुमार के रूप में की गई है, जबकि घायलों की पहचान कवि कुमार और बंटी कुमार के दोनों को सासाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर एक की हालत खराब होने पर नारायण मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया। वहीं ठेकेदार प्रिंस कुमार ने बताया कि संझौली बाजार के पास दूल्हा-दुल्हन की कार ने मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक की मौत हो गई और दो घायल हो गए है। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। सूचना पर संजौली थाना अध्यक्श दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है और साथ ही कार चालक की पहचान भी की जा रही है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम के मुफस्सिल थाना क्शेत्र के बाराडिह गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बाराडिह गांव के निवासी लव राम की पत्नी कौशल्या देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने घटना की सूचना मुफस्सिल थाना की पुलिस को दी। पुलिस ने सोमवार को शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के लिए आए महिला के पति ने बताया कि वह बाहर काम करता है। इस दौरान वह पत्नी के खाते में पैसे भेजता था। 80 हजार रुपए खाता में डाला था। पत्नी ने पैसे खर्च कर दिए। कल मैं जब गांव लौटा, तो पत्नी से खर्च का हिसाब मांगा कि पैसा कहां खर्च किया। उसने कुछ जवाब नहीं दिया और फांसी लगा ली। मुफस्सिल थानाध्यक्श रोशन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बाराडिह गांव में विवाहिता ने आत्महत्या कर ली है। पति का फर्द बयान दर्ज कर लिया गया है। बयान में पति ने कहा है कि बाहर कमाता था, खाता में 80 हजार रुपए भेजा था। उसे पत्नी ने खर्च कर दी। पूछताछ की तो आत्महत्या कर ली। मामले की जांच की जा रही है, परिजनों से भी पूछताछ की गई है। खाते की जानकारी की जांच की जाएगी।

## आनंद विहार/नई दिल्ली, दाहोद एवं उज्जैन के लिए स्शेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर(वैशाली)।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 03639 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल- गाड़ी संख्या 03639 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 30.04.2024 को गया से 18.00 बजे खुलकर सासाराम, डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर के रास्ते अगले दिन 09.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 2. गाड़ी संख्या 03640 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल- गाड़ी संख्या 03640 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 01.05.2024 को आनंद विहार से 12.00 बजे खुलकर कानपुर, प्रयागराज, डीडीयू, सासाराम के रास्ते अगले दिन 05.00 बजे गया पहुंचेगी। 3. गाड़ी संख्या 03653 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल- गाड़ी संख्या 03653 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 01.05.2024 को गया से 18.00 बजे खुलकर सासाराम, डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर के रास्ते अगले दिन 09.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 03654 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल- गाड़ी संख्या 03654 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 02.05.2024 को आनंद विहार से 12.00 बजे खुलकर कानपुर, प्रयागराज, डीडीयू, सासाराम के रास्ते अगले दिन 05.00 बजे गया पहुंचेगी। 5. गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल दिनांक 30.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 6. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल दिनांक 01.05.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 7. गाड़ी संख्या 09068 भागलपुर-दाहोद स्पेशलः गाड़ी संख्या 09068 भागलपुर-दाहोद स्पेशल दिनांक 01.05.2024 को भागलपुर से 17.00 बजे खुलकर 21.36 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 03.05.2024 को 02.30 बजे दाहोद पहुंचेगी। 8. गाड़ी संख्या 09074 पटना-उज्जैन स्पेशलः गाड़ी संख्या 09074 पटना-उज्जैन स्पेशल दिनांक 01.05.2024 को पटना से 17.00 बजे खुलकर डीडीयू-प्रयागराज -कानपुर-बीना के रास्ते 02.05.2024 को 19.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी। इसके साथ ही पटना और दुर्ग के मध्य चलायी जा रही समर स्पेशल 08793/08794 पटना-दुर्ग-पटना समर स्पेशल का परिचालन विस्तार गोंदिया तक किया जा रहा है। गाड़ी सं. स्पेशल 08793 गोंदिया-पटना समर स्पेशल दिनांक 10, 17 एवं 24 मई, 2024 को गोंदिया से 11.20 बजे खुलकर अगले दिन 09.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं. स्पेशल 08794 पटना-गोंदिया समर स्पेशल दिनांक 11, 18 एवं 25 मई, 2024 को पटना से 12.30 बजे खुलकर अगले दिन 16.00 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

## पुलिस ने हथियार के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**अरवल।** अरवल पुलिस ने करपी थाना क्षेत्र के लड़उआ गांव से हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी के पास से एक दोनाली बंदूक बरामद हुई है। बरामद बंदूक स्वर्गीय चंदेश्वर यादव के नाम पर लाइसेंस निर्गत किया गया था। दस साल पहले लाइसेंस धारी की मौत हो गई। मौत के बाद हथियार को परिजनों के द्वारा जमा नहीं कराया गया। चुनाव दर चुनाव लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन थाने में कराया जाता है। चुनाव के समय में लाइसेंस धारी अपने हथियार को लेकर स्थानीय थाना में पहुंचते हैं और हथियार का सत्यापन करते हैं जिन हथियारों को सत्यापन नहीं होता है उन हथियारों को पुलिस जब्त कर लेती है और उसे रद्द करने का प्रस्ताव भेजती है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर 10 साल पहले लाइसेंस धारी की मौत होने के बाद दो लोकसभा दो विधानसभा और पंचायत चुनाव गुजर जाने के बाद भी हथियार जब्त क्यों नहीं की गई? क्या इन चुनाव में किसी ने हथियार का सत्यापन कराया? अगर कराया तो 10 साल पहले लाइसेंस धारी की मौत के बाद हथियार का सत्यापन किसने कराया यह सबसे बड़ा सवाल है। हालांकि पुलिस इस मामले में जांच की बात कह रही है। लेकिन पुलिस की सफलता साफ नजर आ रही है। जब लाइसेंस धारी के बेटे ने पुलिस से शिकायत की तब जाकर पुलिस नींद से जागी और हथियार को जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल ने बताया कि करपी थाना क्शेत्र के लड़उआ गांव निवासी सुरेंद्र यादव के पुत्र शंभू यादव ने स्वर्गीय चंदेश्वर यादव के नाम से निर्गत लाइसेंस धारी दुनाली बंदूक को कई वर्शों से छुपा कर रखा है। लाइसेंस धारी के पुत्र दिनेश यादव के द्वारा हथियार को सत्यापन करने और जमा करने के लिए हथियार की मांग की गई तो उसने हथियार देने के बजाय उसे जान से मारने की धमकी देने लगा इसके बाद पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर टीम की गठित की और इसके बाद छापेमारी कर शंभू यादव को गिरफ्तार किया।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, दो महिला घायल



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्शों के बीच मारपीट हो गई। इसमें दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना काको थाना क्शेत्र के बरबट्टा गांव की है। गांव के निवासी सूरज देव केवट ने बताया कि गोतिया से जमीन को लेकर कई सालों से विवाद चल रहा है। मेरी कोई बेटा नहीं है सब दो बेटी है। इसलिए गोतिया मेरे जमीन पर कब्जा करना चाहते है। सोमवार को सुबह में इसी बात को लेकर विवाद हुआ और उन लोगों ने लाठी से मारकर मेरी पत्नी सीता देवी और बेटी आरती कुमारी को घायल कर दिया। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इसके सात ही हर शनिवार को थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन होता है। वहां पर आने के लिए भी बोला जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना का प्राथमिकी दर्ज

**अरवल (नि.सं.)।** जिले के कुर्था प्रखंड के मानिकपुर थाने में गया जिले के मैन थाना क्षेत्र महमदपुर गांव निवासी विकास यादव ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने अपने दामाद बिनय यादव, बेटी की देवर नीतीश कुमार नंद रीना कुमारी शारदा कुमारी और सास सुखिया देवी के खिलाफ 5 दहेज मांगने का आरोप लगा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित ने कहा कि उसने अपने पुत्री का विवाह 2018 में को अहमदपुर हारना निवासी बिना यादव के साथ किया था। विवाह के बाद से उसके दामाद और परिजनों ने उसकी बेटी को मानसिक व शारीरिक रूप से यातनाएं देने का कार्य शुरू कर दिया। 5 लाख रूपए की डिमांड शुरू कर दी गई। कई बार उसने खुद बेटी की ससुराल जाकर उसके ससुरालियों व दामाद को समझाया लेकिन फिर भी मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का सिलसिला बंद नहीं हुआ।


### नोटिस

न्यायालय में,
मुन्सिफ,
औरंगाबाद (बिहार)
टाईटल सूट न0- 35/2011
ललन प्रसाद गुप्ता एवं अन्य......... वादी
बनाम
शारदा साव वगैरह...............प्रतिवादी।

इस वाद में आप सभी 1. ब्रांच मैनेजर, बिहार राज्य वित्त निगम औरंगाबाद 2. सुनील कुमार मधु, पिता चन्द्रदीप यादव, निवासी ग्राम- कामा बिगहा, थाना- नगर जिला- औरंगाबाद (बिहार) 3. ब्रांच मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक औरंगाबाद (बिहार) को क्रमशः प्रतिवादी बनाया गया है। आप सबों को पूर्व में पदच सेवक तथा निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन भेजा गया, मगर अभी तक इस वाद में न तो उपस्थित हुये, और न ही जवाब देकर अपना पक्ष रखा है। इस समाचार के माध्यम से आप सबों को सूचित किया जाता है, आप सभी इस वाद में दिनांक 22-05-24 को 7.00 बजे सुबह को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब दाखिल करें। अन्यथा उचित कार्यवायी की जायेगी। दिनांक 22-04-24 को हमारे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर द्वारा जारी किया गया।

**न्यायकर्ता (मुन्सिफ)**
**औरंगाबाद (बिहार)**


## रांची-आरा तथा राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास का लगेगा एक-एक अतिक्ति कोच

निज संवाददाता

**हाजीपुर(वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस में साधारण श्रेणी का 01 कोच एवं रांची-आरा एक्सप्रेस तथा राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास का 01-01 अतिरिक्त कोच का संयोजन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. दिनांक 06.05.2024 से अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस में तथा दिनांक 08.05.2024 से पूर्णिया कोर्ट से खुलने वाली गाड़ी सं. 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस में साधारण श्रेणी का 01 अतिरिक्त कोच का स्थायी रूप से संयोजन किया जायेगा। 2. दिनांक 02.05.2024 से 01.07.2024 तक रांची से खुलने वाली गाड़ी सं. 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस में तथा दिनांक 03.05.2024 से 02.07.2024 तक आरा से खुलने वाली गाड़ी सं. 18639 आरा-रांची एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास का 01 अतिरिक्त कोच का अस्थायी संयोजन किया जायेगा। 3. दिनांक 02.05.2024 से 29.06.2024 तक राउरकेला से खुलने वाली गाड़ी सं. 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस में तथा दिनांक 03.05.2024 से 30.06.2024 तक जयनगर से खुलने वाली गाड़ी सं. 18106 जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास का 01 अतिरिक्त कोच का अस्थायी संयोजन किया जायेगा।


### पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

**नोटिस सं.–02 ऑफ 2024–25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.–03–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय–24–25**

**1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में 34 महिनों के लिए पौधों (स्थायी और मौसमी), मिट्टी के बर्तन, अच्छी मिट्टी की खाद इत्यादि की आपूर्ति सहित कार्यालय भवन और अधिकारी बगले में लॉन का रखरखाव। **2. कार्य का अनुमानित लागतः** रु. 5468575.92, **3. धरोहर राशिः** रु. 109400.00, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 20.05.2024 को 12:00 बजे तक, **5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः** www.ireps.gov.in

**कृते मंडल रेल प्रबंधक / पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
पीआर/00178/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24–25/32


गुजरात के सूरत के रहने वाले हैं सभी घायल

## टूरिस्ट ट्रैवलर गाड़ी ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, 10 घायल

- दुर्घटना के बाद वैन का अगला भाग पूरी तरह हुआ क्शतिग्रस्त



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के कोचस प्रखंड के परसथुआ ओपी क्शेत्र में एनएच 319 पर एक टूरिस्ट ट्रैवलर गाड़ी ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे वाहन में सवार 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल गुजरात के सूरते के रहने वाले बताए जाते हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा हैं कि सभी बनारस में दर्शन करने के बाद टूरिस्ट बस से नेपाल जा रहे थे। इस क्रम में एनएच 319 पर सोहसा गांव के पास वैन अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े ट्रक में जाकर टकरा गई, जिससे वैन का अगला भाग पूरी तरह क्शतिग्रस्त हो गया और यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। परस्थुआं थानाध्यक्श ने करते हुए बताया कि सोहसा के पास खड़ी एक ट्रक में टूरिस्ट वैन ने टक्कर मार दिया, जिससे वैन में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। सभी घायल गुजरात सूरत के बताए गए हैं। जिनकी पहचान दिनेश (50), अशोक कुमार (40), स्वाति कुमारी (27), मोबिना बानो (27) एवं अन्य शामिल हैं।


### कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल

कृषि अनुसन्धान और शिक्षा विभाग, भारत सरकार
कृषि अनुसन्धान भवन- 1. नई दिल्ली - 110012
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD
DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH & EDUCATION, GOVERNMENT OF INDIA
KRISHI ANUSANDHAN BHAWAN-I, NEW DELHI-110012

File No. 10(02)/2024-Rectt.I

**NOTICE**

ASRB invites online applications for filling up 01 Research Management Position (RMP) to be filled up on tenure basis for a period of five years at ICAR Headquarters, New Delhi. Candidates are required to apply online using the application form link available on the website: http://www.asrb.org.in only. No other mode of filling of application is allowed.

The closing date and time for submission of online application form for the position shall be 31.05.2024 (05.00PM).

Detailed Advertisement for the position regarding the post/pay scale/pay level and eligibility conditions may be accessed and downloaded from the website of the Board www.asrb.org.in

cbc 01307/12/0001/2425 SECRETARY. ASRB



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, मेदिनीनगर पलामू

**गुमशुदा**

सूचित किया जाता है कि आपके शहर या गॉव से कोई बालक/बालिका अगर गुमशुदा है तो इस संबंध में अपराध अनुसंधान विभाग, के Helpline Mobile No/ Whatsapp No- 8877444444 तथा e-mail id:- complaint- cid@jhpolice.gov.in पर संपर्क करें। साथ ही बच्चों से संबंधित किसी प्रकार के दुर्व्यवहार के संबंध में उक्त Mobile No/ Whatsapp No/ e-mail id पर सूचना दे।

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

**PR 324190 Police(24-25)#D**



### श्रम अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

(संयुक्त श्रम भवन, करकट, लातेहार Email id- boclatehar@gmail.com)

आम–सूचना

लातेहार जिला के सभी प्रतिष्ठान/ खनन क्षेत्र/उद्योग/पुल निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्ठा/क्रसर एवं मनरेगा से संबंधित नियोजक /संवेदक अपने यहाँ नियोजित कामगारों को Heat Wave से बचाव हेतु कार्य स्थल पर निम्न सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

1. कार्य स्थलों पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/ नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छॉछ, First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peack Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निदेश निर्गत करना।
6. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
7. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
8. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

"आपका वोट,आपका भविष्य"

श्रम अधीक्षक
लातेहार।

PR 324209 Labour Employment and Traning(24-25)D



### श्रम अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

Email-ID-bocgarhwa@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

**Heat wave** से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रो/शहरी क्षेत्रो/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अंतर्गत कार्यरत श्रमिको को कार्य स्थलो पर नियोजको द्वारा निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है:–

1. कार्य स्थलो पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिको के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयलज, छॉछ, **First Aid Kit with Ice Pack** के साथ पर्यापत मात्रा में **ORS** की व्यवस्था कराना।
3. **Peack Hour** में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं **Medical Condition** वाले श्रमिको को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निदेश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को **Heat Wave Alert** की सूचना समय–समय मर महैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में **Heat Wave** से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थय कैंप लगवाना।

श्रम अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.324192 Labour Employment and Traning(24-25):D

## संक्षिप्त समाचार

### दूल्हे के भाई ने बस ड्राइवर को पीटा, डीजल के रुपए मांगने पर बढ़ा विवाद

**गया।** गया में बारात ले चलने से पहले बस के ड्राइवर ने डीजल के पैसे मांगे तो दूल्हे के भाई ने ड्राइवर को पीट दिया। ड्राइवर ने मौका देख कर अपने साथियों के साथ दूल्हे के भाई और बारातियों को पीट दिया। मामले में बाराती पक्ष ने बस के ड्राइवर और उसके मालिक के खिलाफ बोधगया में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि बस के ड्राइवर, खलासी और बस के मालिक ने दुल्हन के जेवर और कपड़े सभी चुरा लिए हैं। हालांकि थानाध्यक्ष का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोप सत्य प्रतीत नहीं हो रहे हैं। क्योंकि लडाई-झगड़ा की सूचना पर डायल 112 की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया था। बावजूद इसके पुलिस उनके आरोप की जांच कर रही है। घटना बोधगया के छाछ गांव की है। बीती रात करीब 9 बजे छाछ गांव से एक बाराती बस से निकल रही थी। बस चालक पंकज कुमार ने दूल्हे के भाई विकास कुमार से डीजल के पैसे की मांग की। इस पर विकास ने पैसे देने का आश्वासन दिया पर पैसे नहीं दिए। बस पर बाराती बैठ गए। बस खुलने से पहले ड्राइवर ने एक बार फिर विकास से पैसे मांगे और कहा कि जब तक पैसे नहीं देंगे बस आगे नहीं बढ़ेगी। इस बात पर विकास भड़क गया और पंकज की धुनाई कर दी। किसी तरह से बस का चालक पंकज कुमार बारातियों से भरी बस लेकर चल दिया, लेकिन उसने बोधगया सक्सेना मोड़ के निकट दवाई लेने के बहाने बस रोक दी और दवाई लेने को चला गया। इस बीच वह अपने साथियों और बस मालिक को बुला लिया और सभी ने मिलकर दूल्हे के भाई और बारातियों की धुनाई कर दी। गुस्साए बारातियों ने भी बस को काफी नुकसान पहुंचा दिया। इस बीच डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को किसी तरह से शांत किया, लेकिन अगले दिन रविवार की शाम में दूल्हे के भाई बोधगया थाना पहुंचा और बस मालिक, उसके ड्राइवर और खलासी के खिलाफ दूल्हे के गहने चोरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### गया में सरकारी आवास में मिला रेलकर्मी का शव, डॉग स्क्वायड ने खोजी बॉडी

**गया।** गया में रेल कर्मी की लाश उनके सरकारी आवास से ही पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान संजय कुमार सिन्हा (52) के रूप में हुई है। वो रेलवे के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के PWI सेक्शन में ट्रैक मैन हेड के पद पर कार्यरत थे। घटना सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के रेलवे इंस्पेक्टर कालोनी की है। रेल कर्मी की बॉडी क्वार्टर के अंदर होदे में पड़ी थी। गले पर गहरे कट के निशान मिले है। होदे के अंदर नमक भी डाला हुआ था। होदे को कंबल, कपड़े और लकड़ी से ढक दिया गया था। शव को डॉग स्क्वायड की टीम ने खोज निकाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा है। मृतक संजय सिन्हा के पड़ोसियों का कहना है कि मृतक का अपनी पत्नी के साथ संबंध ठीक नहीं था। संजय का अवैध संबंध भी था। वो दो बार जेल भी जा चुका है। मृतक संजय कुमार सिन्हा के बेटे शशांक का कहना है कि क्वार्टर बाहर से बंद था। उसके अंदर उनके साथ रहने वाला स्ट्रीट डॉग भी बंद था। शशांक ने बताया कि 26 अप्रैल को उसके पापा पटना में उससे मिलने आए थे। फिर वो वापस गया के लिए निकल गए, लेकिन उसी शाम से उनसे फोन पर कॉन्टैक्ट नहीं हो पा रहा था। उनका फोन लगातार बंद आ रहा था। शक हुआ तो रविवार की दोपहर पटना से गया पहुंचा। क्वार्टर बाहर से बंद था। मैंने लॉक को तोड़ दिया। क्वार्टर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। पापा कमरे में नहीं थे। ऐसे में मैने इसकी जानकारी पुलिस को दी, फिर सिविल लाइन्स पुलिस को आवेदन दिया। पुलिस ने भी छानबीन की, लेकिन कहीं से कोई सुराग नहीं मिला। डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई। पुलिस ने पापा के पुराने कपड़े मांगे। डॉग को जब कपड़े दिए तो क्वार्टर में घूमते हुए होदे के पास रुक गया। इस पर पुलिस की टीम ने होदे पर रखे कंबल को हटाया तो पापा की बॉडी पड़ी हुई मिली। कंबल हटाए जाने के बाद उसमें से बदबू आ रही थी। सिटी DSP पीएन साहू ने बताया कि संजय कुमार के बेटे ने आवेदन दिया था। उस पर पुलिस ने काम किया और संजय का शव उसके ही सरकारी क्वार्टर से बरामद कर लिया गया है।

### गया में साहित्य परिषद सम्मान समारोह का आयोजन, सहयात्री नामक पत्रिका का हुआ लोकार्पण

**गया।** गया में जगजीवन महाविद्यालय के डॉ फागुनी राम सभागार में साहित्य महा परिषद का वार्षिक अधिवेशन -सम्मान समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुंगेर विश्वविद्यालय के पूर्व संस्थापक कुलपति प्रो रंजीत कुमार वर्मा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथ बिहार के हिंदी विभाग के आचार्य प्रो सुरेश चंद्र, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रामकृष्ण, साहित्य महा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम सिहांसन सिंह, प्रदीप कुमार अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मंचासीन अतिथियों ने सहयात्री नामक पत्रिका का लोकार्पण भी किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में परिषद के अध्यक्ष डॉ राम सिहांसन सिंह ने कहा कि साहित्य चाहे कविता हो या कहानी वह तभी सार्थक है, जब उसमें सामाजिक यथार्थ का बोध हो। मुख्य अतिथि प्रो रंजीत कुमार वर्मा ने कहा कि जिसमें हित की भावना हो वही साहित्य है। साहित्य में सामाजिक चेतना और भाषण सौंदर्य का समावेश अनिवार्य रूप होना चाहिए। साहित्यकारों को पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर साहित्य साधना में आगे आना होगा। यदि साहित्यकार पूर्वाग्रह से प्रेरित होगें तो समाज दिग्भर्मित हो सकता है। साहित्य समाज का प्रतिबिंब है।डॉ उमाशंकर सिंह ने कहा कि साहित्य के बिना समाज की परिकल्पना संभव नहीं है। उन्होंने साहित्य की अनिवार्यता की विशद् व्याख्या की। जगजीवन कॉलेज के हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि आजकल जन साहित्य की चर्चा बहुत व्यापक और गंभीर हो गई है। जन साहित्य से तात्पर्य जनता के साहित्य से है। डॉ रामकृष्ण मिश्र ने साहित्य की विस्तृत व्याख्या आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक विस्तृत रूप से की। दूसरे सत्र में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एम फातिमा और संचालक राजीव रंजन ने किया। कवि गोष्ठी में सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र, कन्हैया लाल मेहरवार, सुमंत, डॉ अरविंद कुमार, राजीव कुमार,रानी मिश्रा, नदीम जाफरी,जयराम सत्यार्थी खालिक हुसैन परदेसी राम परीखा सिंह, मिथिलेश मिश्र दर्द, सुरेंद्र पांडेय सौरभ, कुमार कांत, डॉ बंदना बिथिका, गजेंद्र लाल अधीर, नौशाद सदां, कुमार कांत आदि कवियों ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया।

### पुरानी रंजिश में परिवार के 5 लोगों को पीटा, पत्थरबाजी के साथ खूब चली लाठियां

**नालंदा।** नालंदा में पूर्व के विवाद को लेकर रविवार की शाम पड़ोसी ने मारपीट कर दी। मारपीट की घटना में एक ही परिवार के कुल पांच लोग जख्मी हो गए। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओकनावा गांव का है। सभी घायलों को इलाज के लिए देर शाम बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में उमाशंकर पासवान का पुत्र राकेश कुमार, संजय पासवान का पुत्र सौरभ कुमार, विजय पासवान की पत्नी उषा देवी, जानकी पासवान का पुत्र संजय पासवान और अजय पासवान का पुत्र राजीव कुमार है। राकेश कुमार ने बताया कि पड़ोस की बकरी उनके घर में घुस आई थी। जब उन लोगों ने बकरी को वहां से भगाया और इसकी शिकायत पड़ोसी से की तो उनलोगों ने घर पर चढ़कर मारपीट कर दी। लाठी-डंडे और रोड़ेबाजी की घटना में कुल पांच लोग जख्मी हो गए। जख्मी ने बताया कि पूर्व से ही पड़ोसी से उन लोगों का विवाद चला आ रहा है। उसी रंजिश में बकरी का बहाना बनाकर उन लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। डायल 112 की पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना की जानकारी मिलने के उपरांत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तब तक सभी घायल इलाज के लिए चले गए थे। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



# तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर, तीन घायल

## भागलपुर में दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल जा रहे थे सभी, ट्रक चालक मौके से फरार

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के गोपालपुर की है। कार में सवार होकर आधा दर्जन लोग जीरोमाइल की तरफ से लोदीपुर के तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दिया, जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे जा गिरी। हादसे में नाबालिग (16) समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़कर घायल को बाहर निकाला और उसे मायागंज अस्पताल तक पहुंचाया, जहां घायल का इलाज चल रहा है। सोमवार की दोपहर कार पर सवार होकर सभी स्विमिंग पूल में नहाने जा रहे थे।



**ट्रक चालक मौके से फरार:** मायागंज अस्पताल में घायल श्रेया और कुमार सुंदरम का इलाज चल रहा है। जबकि एक घायल का प्राइवेट क्लीनिक में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायल श्रेया ने बताया कि भाई के दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल नहाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके बाद कार सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। उसके बाद उसे कुछ याद नहीं है। घटना के बाद से ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। श्रेया ने आगे बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल था। घायल के परिजनों ने बताया कि स्विमिंग पूल घूमने के लिए जा रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मायागंज अस्पताल पहुंचे। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से गड्ढे से कार निकालकर अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## देसी कट्टा और गोली के साथ 3 अपराधी गिरफ्तार

**निज संवाददाता। मुंगेर**



मुंगेर जिला अंतर्गत बरियारपुर थाना पुलिस ने डकैती की योजना बनाते तीन अपराधी को एक जिंदा कारतूस एवं एक देसी कट्टा के साथ विजयनगर के पास ईंट भट्ठा से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विजयनगर के पास ईंट भट्ठा पर रविवार की देर रात कुछ अपराधी के डकैती की साजिश करने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया जिसमें ईंट-भट्ठी के पास से बासुकी मंडल का बेटा बादल कुमार उर्फ कल्लू, अशोक मंडल का बेटा मिट्ठू कुमार और बटेश्वर मंडल का बेटा छोटू कुमार उर्फ अमर कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दो अन्य अपराधी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधी की तलाशी में कल्लू के पॉकेट से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मिट्ठू की कमर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। सभी अपराधी डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस की सख्ती के बाद अपराधियों ने कबूल किया कि 24 अप्रैल की रात्रि में भी पांच की संख्या में अपराधी ने विजयनगर चौक के समीप एनएच से गुजरने वाले वाहन चालकों से मारपीट एवं छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद किसी भी वाहन चालक ने इसकी सूचना नहीं दी। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना उपलब्ध कराई गई थी। सूचना के आधार पर अपराधी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। मामले को लेकर थाना में कांड संख्या 21/24 दर्ज कर लिया गया है। सभी गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत हेतु मुंगेर न्यायालय भेज दिया गया। छापेमारी टीम में एसआई रविंद्र कुमार के साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी ने किया पदभार ग्रहण

**निज संवाददाता। मुंगेर**

### मुंगेर में कार्यालय का हुआ शुद्धिकरण, 8 सदस्यों के वोट से बची थी कुर्सी

मुंगेर में आज जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी ने अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने से पहले जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी ने विधिपूर्वक कार्यालय का पूजा अर्चना की।इसके बाद नारियल फोड़कर नारियल के पानी से कार्यालय का शुद्धिकरण किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यालय की पूजा अर्चना की। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष के साथ कई जिला परिषद सदस्य भी मौजूद थे। हालांकि पदभार ग्रहण करने के बाद आचार संहिता रहने के कारण जिप अध्यक्ष ने किसी तरह की कोई बयान नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि आज कार्यालय में पदभार ग्रहण करना था, जिस कारण पहले पूजा अर्चना की इसके बाद कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी पर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जिला परिषद सदस्य दुर्गेश सिंह, अनिल सिंह और पिंकी देवी के द्वारा डीएम के समक्ष आवेदन दिया गया था, जिसके बाद 22 अप्रैल को फिर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक हुई और इसमें फिर से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। वर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी के समर्थन में कुल 8 सदस्यों ने मतदान किया जबकि 6 सदस्यों ने विरोध में मतदान किया था। साधना देवी के द्वारा अपने समर्थन में बहुमत साबित करने के बाद फिर से वह जिला परिषद अध्यक्ष के पद पर बरकरार बनी रही। डीएम अवनीश कुमार सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र उन्हें दिया गया था। आज सोमवार को लगभग दोपहर 12:00 अपने कार्यालय पहुंचे और पूजा अर्चना के बाद फिर अपने कार्यालय में प्रवेश कर पदभार ग्रहण किया।

## हिलसा अनुमंडल कार्यालय में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, फायर सेफ्टी सिस्टम हुआ फेल

### दमकल की तीन गाड़ियों ने 1 घंटे में बुझाई आग

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा के हिलसा शहर स्थित अनुमंडल कार्यालय हिलसा में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई। धुएं की गुब्बार अनुमंडल कार्यालय से बाहर निकलने लगा। इसके बाद आसपास के लोगों की नजर अनुमंडल कार्यालय में लगी आग पर पड़ी। इसके बाद वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। मौके पर तीन दमकल की गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शॉर्ट-सर्किट के कारण घटना हुई। अगलगी की घटना में लाखों रुपए के सामान जलकर खाक हो गए।



**2 साल पूर्व हुआ था उद्घाटन:** हिलसा अनुमंडल कार्यालय का पुर्ननिर्माण कार्य कराया गया था। 2022 के मई महीने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका उद्घाटन किया था। लाखों रुपए खर्च कर बिल्डिंग में सुरक्षा को लेकर तमाम उपकरण लगाए गए थे। फायर सेफ्टी सिस्टम भी लगाया गया है। बावजूद सोमवार की सुबह जब अगलगी की घटना हुई तो फायर सेफ्टी सिस्टम बेकार साबित हुआ। चर्चा है कि वायरिंग के लिए उपयोग किए गए तार भी उच्च क्वालिटी के नहीं थे जिसके कारण यह घटना हुई है।

**कंप्यूटर सेट, कागजात, बैटरी सेट और इनवर्टर जले:** अगलगी की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की तीन दमकल गाड़ियां अनुमंडल कार्यालय पहुंची और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में लगी आग पर करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। अनुमंडल कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में अगलगी की घटना से कॉन्फ्रेंसिंग रूम में रखे कंप्यूटर सेट, कागजात, बैटरी सेट और इंटरनेट का सर्वर जलकर खाक हो गया। जिसके कारण पूरे अनुमंडल कार्यालय में इंटरनेट की सेवा बाधित हो गई है।

**घटना के वक्त बंद था कार्यालय:** हिलसा अनुमंडल कार्यालय में जिस वक्त आग लगी उस वक्त कार्यालय बंद था। गनीमत रही कि कार्यालय में उस वक्त कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। नहीं तो जान माल की क्षति हो सकती थी। अगलगी की सूचना मिलने के बाद एसडीओ, डीएसपी, स्थानीय मुख्य पार्षद समेत हिलसा थाना की पुलिस अनुमंडल कार्यालय पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। हिलसा एसडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगी थी।

## कार से आए चोर, लाखों का दवा लेकर फरार, दवा मंडी की 3 दुकानों से चोरी, 50 लाख से ज्यादा की चोरी

**निज संवाददाता। गया**

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के टिकारी रोड स्थित दवा मंडी की 3 दुकानों से एक साथ एक ही रात में लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोर फरार हो गया। दुकानदारों का कहना है कि चोर कार से आए थे। तीनों दुकानें से चोर 20 लाख रुपए नकद और 30 लाख रुपए की दवा का कार्टन चुरा ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। टाउन डीएसपी पीएन शाहू ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पीड़ितों से वारदात के बारे में जानकारी ली। घटना रविवार की रात की बताई जा रही है। टिकारी रोड स्थित आरएस मार्केट कंप्लैक्स में कई दवा की दुकानें हैं। उन्हीं दुकानों में से 3 दुकानों में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आरके ड्रग्स के मालिक संजय कुमार ने बताया कि वे शनिवार शाम को अपनी दुकानें बंद कर घर चले गए थे। चूंकि रविवार को दवा मंडी बंद रहती है। इसलिए मार्केट काम्प्लैक्स की कोई भी दुकान नहीं खुली। सोमवार को जब साढ़े 10 बजे अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो देखा तो पाया कि दुकान पर लगे सारे ताले गायब हैं। यही घटना पड़ोस के दुकानदारों के साथ हुई। सभी ने दुकान का शटर उठा कर देखा तो पाया कि दुकान के अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा है। संजय ने बताया कि हमने कैश काउंटर खोल कर देखा तो पाया कि उसमें से 15 लाख से अधिक रुपए गायब हैं। यही नहीं करीब 25 लाख रुपए की दवा के कार्टन भी गायब हैं। वहीं, मुकेश फार्मा के मालिक ने बताया कि उनके काउंट में करीब 30 हजार रुपए थे जिसे चोर चुरा ले गए। मुकेश कुमार ने बताया कि चोर कितने कार्टन दवा चुरा ले गए। इसकी डिटेल तैयार की जा रही है। वहीं, पड़ोस की दवा दुकान से भी चोर 80 हजार रुपए नकद और कई कार्टन दवा चुरा ले गए। सभी दुकानों के शटर का ताला तोड़ कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। डीएसपी पीएन शाहु ने बताया कि कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।



## जेईई मेंस में 95% मार्क्स के साथ आर्यन अव्वल

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर के लालुचक अंगारी स्तिथ भट्ठा रोड में किराए के मकान पर रह रहे है एक छात्र ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन यानी जेईई मेंस में सफलता पाई है। छात्र मूल रूप से मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर के रहने वाले हैं। रठैता पंचायत निवासी शैलेश पाठक के 17 वर्षीय पुत्र आर्यन हैं। 25 अप्रैल को जेई ने रिजल्ट जारी किया। जिसमें आर्यन अव्वल आए। आर्यन ने जेईई मेंस परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाया है और अब वह जेई एडवांस की तैयारी में जुट गए हैं। वह कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहते हैं जिसको लेकर वह काफी समय से तैयारी कर रहे थे। पिता उड़ीसा में बिजनेस करते हैं। वे मां-बहन के साथ रहकर पढ़ाई करते हैं। मां रूपम पाठक ने बताया कि बचपन से ही से पढ़ाई का काफी शौक है। आर्यन 15 से 16 घंटे की कड़ी मेहनत करता है। हालांकि उसकी बहन आकांक्षा झा ने भी पढ़ाई में उसे काफी सहयोग किया। आर्यन के परीक्षा में अव्वल आने से परिवार में काफी उत्साह का माहौल है। सभी परिवार वाले बधाई देने घर आ रहे हैं। मां की खुशियों का ठिकाना नहीं है। आर्यन ने बताया की संस्थान की तरफ से भी काफी सहयोग मिला। अब जेई एडवांस्ड की परीक्षा को लेकर तैयारी कर रहे हैं।

## भागलपुर में 10 दिन से नगर निगम की मोटर खराब

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के विभिन्न इलाकों में पानी का जल संकट बढ़ता जा रहा है। पानी का लहर लगातार नीचे जा रहा है। जरलाही मुसहरी टोला लेन में बीते 10 दिनों से मोटर खराब है। इससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर नगर निगम की ओर से मोटर तो लगाई गई है, लेकिन मोटर 15 दिनों से खराब है। इसको लेकर ग्रामीणों ने नगर निगम से लिखित शिकायत भी किया है। लिखित शिकायत में उन्होंने लिखा है कि जरलाही मुसहरी लेन में मोटर फेल हो गया है। इससे की जरलाही मुसहरी टोला में दर्जनों परिवारों को शुद्ध पेयजल के लिए करीब एक किलोमीटर तक भीषण गर्मी में जाना पड़ रहा है। हम लोगों का अति-आवश्यक कार्य नहीं हो रहा है। इसके कारण असुविधा हो रही है।



नगर निगम से लोगों ने अपील किया है कि जल्द से जल्द मोटर सही करवा कर शुद्ध जल का हमलोगों को उपलब्ध करवाया जाए। स्थानीय ग्रामीण सोहन हरि ने बताया कि बीते 10 दिनों से यहां मोटर खराब है। इसको लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि वार्ड परिषद समेत कई अधिकारियों को शिकायत की गई। लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। पेयजल के लिए हमलोगों को काफी दूर जाना पड़ता है। इससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम होने के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया है। नल पंप से पानी नहीं निकल रहा है। नगर निगम की मोटर खराब है।

## 4 दुकानों में लगी आग, 20 लाख का नुकसान, दमकल की दो गाड़ियां पहुंचने तक सारा सामान राख

**निज संवाददाता। गया**

गया जिले के नक्सल प्रभावित इमामगंज पुलिस अनुमंडल के मैगरा थाना क्षेत्र के बाजार में सोमवार तड़के आसामाजिक तत्वों ने चार दुकानों में आग लगा दी। इससे 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान दुकानदारों को पहुंचा है। दुकानदार अपनी-अपनी दुकान को आंखों के सामने जलते हुए देखते रह गए। हालांकि उन्होंने आग पर काबू पाने की कोशिश की पर उनकी मेहनत आग के सामने सफल नहीं हो सकी। दो दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि सबकुछ राख हो गया। घटना की सूचना पर मैगरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।



**घटना किसी की दुश्मनी का परिणाम है:** दुकानदारों का कहना है कि इस घटना को असामाजिक तत्वों ने अंजाम दिया है। पीड़ित दुकानदारों ने स्थानीय प्रशासन को भी घटना के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि यह असामाजिक तत्वों का काम है। दुकानों में आग किसी न किसी दुश्मनी का परिणाम है। अगलगी में रवि पुस्तक भंडार, मदन साव कासियाडीह, कपड़ा दुकान, जूता चपल की दुकान,

### ♦ लोगों को आशंका असामाजिक तत्वों ने लगाई आग

चंदन मिस्त्री की मशीन और लकड़ी जलकर राख हो गईं। लकड़ी की दुकान में लाखों रुपए की बेशकीमती लकड़ियां थीं। आगलगी में तकरीबन 4 लाख रुपए के नुकसान होने की बात कही जा रही है। हालांकि अब तक किसी भी दुकानदार ने नुकसान का ब्योरा प्रशासन को नहीं दिया है। दुकानदारों ने बताया कि इसकी सूचना अंचलाधिकारी को दी गई है। घटना रविवार की रात 2 बजे के बाद की है। मैगरा थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि इस मामले में अब तक आग लगाए जाने से सम्बंधित लिखित शिकायत नहीं आई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 1750 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, ट्रक जब्त

**आरा**। मुफस्सिल थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 1750.68 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार ट्रक जब्त कर लिया। गिरफ्तार शराव तस्कर बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हारामपुर गांव निवासी इंद्रजीत कुमार पिता मानकी राय और सारण जिले के डोरीगंज निवासी पंकज कुमार पिता गौतम राय है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता में बताया की पुलिस को शनिवार की रात एक बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मुफस्सिल थानान्तर्गत चित्रसेनपुर गांव के सामने अवस्थित फोरलेन से 1 ट्रक के माध्यम से शराब माफियाओं के द्वारा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही हैं।

### आग से बचाव के लिए करें फायर सेफ्टी की जांच

**बक्सर**। बक्सर में समय समय पर आग से बचाव के लिए मॉकड्रिल करे व फायर सेफ्टी की जांच की जाती है। उक्त बातें एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा ने कही। पटना के होटल में जो भीषण अग्निकांड हुआ है वह हम सभी के लिए अलार्म है लेकिन जिस तरह से वहां रेस्क्यू ऑपरेशन का दर्जनों लोगों की जान बचाई गई वह भी सराहनीय है। बक्सर में समय-समय पर मॉकड्रिल एवं फायर सेफ्टी की जांच पहले से ही होता आ रहा है। जिस तरह से जिले में खेतों और खलिहानों में आग लगी है उसमें अग्निशमन विभाग ने काफी मुस्तैदी व तत्परता से काम किया है। इसको लेकर अग्निशमन विभाग के कर्मी साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आगजनी की घटना को लेकर हम लोग पहले से ही अलर्ट हैं।.कोई घटना नहीं घटेगी यह तो नहीं कहा जा सकता है, लेकिन किसी भी घटना के बाद त्वरित सहायता पहुंचाने को लेकर जिला प्रशासन की टीम अलर्ट है।

### सोहनीपट्टी के छात्रावास से दो छात्र हुए गायब, प्राथमिकी दर्ज, जांच शुरू



**बक्सर**। शहर के सोहनीपट्टी स्थित छात्रावास से शनिवार को दो छात्र गायब हो गए। काफी खोजबीन के बाद छात्रों के नहीं मिलने पर छात्रावास संचालक ने टाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस छात्रों की तलाश में जुट गई है। वहीं छात्रों के गायब होने से परिजन भी परेशान है। जानकारी के मुताबिक बगेन गोला थाना क्षेत्र के कैथी गांव के अरविंद कुमार सिंह सोहनीपट्टी में सैनिक ट्यूटोरियल छात्रावास का संचालन करते हैं। छात्रावास में इटाढ़ी थाना क्षेत्र के कवलपोखर गांव के अशोक कुमार सिंह के पुत्र अश्वनी कुमार और बगेन गोला थाना क्षेत्र के धरौली गांव के गणेश यादव के पुत्र अमृत यादव पिछले दो वर्षों से उक्त छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते थे। शनिवार की सुबह से दोनों बच्चे छात्रावास से अचानक गायब हो गए। छात्रावास संचालक ने काफी खोजबीन की। छात्रों के नहीं मिलने पर इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। परिजनों ने भी अपने स्तर पर दोनों बच्चों की खोजबीन की। लेकिन नहीं मिला। टाउन थाना पुलिस ने बताया कि छात्रों की तलाश की जा रही है। पुलिस छात्रों के किसी प्रकार की सूचना टाउन थाना या आसपास के थाना को देने की अपील कर रही है।

### स्कूल जांच के लिए कर्मियों को जिला व प्रखंड में रहना जरूरी

**बक्सर**। जिले के सरकारी विद्यालयों की नियमित जांच करने के आदेश के बाद भी जांच में कमी आई है। इसको लेकर विभाग ने गंभीरता से लिया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रखंड मुख्यालय में रहकर कार्य निपटारा करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) सुबोध कुमार चौधरी ने डीईओ को पत्र भेजा है। जिसके अनुसार पदाधिकारियों व कर्मियों को मुख्यालय में आवासित रहने का प्रमाण-पत्र जैसे बिजली बिल, मकान मालिक का एकरारनामा व अन्य कागजात देना होगा। वहीं यदि जिला व प्रखंड मुख्यालय से दूर रहेंगे तो पदाधिकारियों व कर्मियों पर आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। बता दें कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा में गुणवत्ता लाने को लेकर शिक्षा विभाग ने ऐसा कदम उठाया है। वरीय अधिकारी की जांच में कागजात सही पाये जाने के बाद ही अप्रैल माह के वेतन का भुगतान किया जाएगा। बीआरसी स्तर के कर्मियों को रोजाना 10 स्कूलों की जांच कराने का आदेश है। इसके लिए पंचायत भी आवंटित की गयी है। प्रखंड मुख्यालय में नहीं रहने की वजह से सुबह की जांच नहीं के बराबर होती है। इसको लेकर यह आदेश दिए गए हैं।

### जिले में 6500 एकड़ में होगी मोटे अनाज की खेती, किसानों को मिलेगा अनुदान



**बक्सर**। जिले में मोटे अनाज को लेकर लक्ष्य तय कर दिया गया है। बताते चलें कि जिले कि किसानों को मोटे अनाज को लेकर जागरूक किया जा रहा है। बता दें कि भारत सरकार के द्वारा मोटे अनाज को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि लोगों को बेहतर पोषण मिल सक। चौथे कृषि रोड मैप के तहत मोटे अनाज की खेती पर जोर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जलवायु अनुकूल कृषि के लिए खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के तहत न्यूट्री सिरियल उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 6500 एकड़ में मोटे अनाज की खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग के अनुसार कार्बोहाइड्रेट और उच्च फाइबर सामग्री वाले खाद्य उत्पादों की मांग देश में बढ़ रही है। डॉक्टर भी मानते हैं कि मोटे अनाज को भोजन में शामिल करने से शरीर का वजन संतुलित रखने के साथ, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय संबंधी समस्याओं को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है। इसके तहत जिले में ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा, चीना, टंगुनी, रागी आदि की खेती की जाएगी। बता दें कि मोटे अनाज के प्रत्यक्षण जिले में ज्वार 300 एकड़, बाजरा 6055 एकड़, रागी 120 एकड़, सांवा 50 एकड़ में करने हेतु लक्ष्य प्राप्त है। हालांकि किसानों को पहले पैसा लगानी होगी उसके पश्चात शत प्रतिशत अनुदान किसानों को भुगतान किया जाएगा। प्रति एकड़ 4 हजार मिलेगा अनुदान मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों का प्रति एकड़ 4 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। प्रति एकड़ 2400 रुपए मिलेगा। इसके बाद 1600 रुपए प्रति एकड़ अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। जिले में किसान ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा की खेती किसान कलस्टर में करेंगे। कृषि विभाग के द्वारा मोटे अनाज की खेती करने को लेकर किसानों के बीच व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बता दें कि वर्तमान समय में मोटे अनाज की डिमांड पूरे देश में बढ़ी है। जिसमें ज्वार,बाजरा, मक्का का डिमांड और भी अधिक है। अपने सेहत को लेकर भी लोग जागरूक हुए हैं तथा मोटे अनाज के प्रति रुझान बढ़ा है।

# सुधाकर सिंह बोले- कांग्रेस की योजना को मोदी ने किया हाईजैक

## नीतीश कुमार को बताया मानसिक रोगी, बक्सर में कहा-घटिया बातें करते हैं

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर लोकसभा सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बिहार सरकार और केंद्र सरकार पर लगातार सियासी हमला बोल रहे। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए महागठबंधन प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने कहा कि भोजन की गारंटी के तहत गरीबों को राशन देने का आगाज कांग्रेस ने किया था। इसे मोदी ने हाईजैक कर लिया। 13 रुपए में अनाज दिया जाता था, उसे मुफ्त करके सिलेंडर का दाम 350 से बढ़ाकर 1200 कर दिया। कहा कि गरीब महिलाओं को 13 रुपए माफ कर उनकी पॉकेट से 800 रुपए निकाल लिया। इसे पॉकेटमारी कहते हैं। दुनिया में ऐसा अर्थशास्त्र हमने नहीं देखा है। आगे उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उसी मानसिक रोग से ग्रसित बैठे हैं। जो मंच से लेकर सदन तक में ऐसी बातों का उल्लेख करता हैं जो सम्मान और शिष्टाचार से बाहर की बात है। मैं अपनी ज़ुबान से उस बात को दोहरा नहीं सकता जिससे कि हमारी जुबान गंदी हो जाए। उनको रांची में इलाज कराने की जरूरत है।

**मोदी सरकार को बताया किसान विरोधीः** आगे सुधाकर सिंह ने कहा कि यह सरकार किसानों की विरोधी है। मनमोहन सिंह की सरकार किसानों की सालाना 11 % अनाज का दाम बढ़ा रही थी। मोदी सरकार 6% बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को छह हजार रुपए सलाना अनुदान देंगे। उसकी आड़ में क्या किया। मोदी ने उनकी खाद की सब्सिडी बंद कर दी। किसानों के डीजल की सब्सिडी, केरोसिन पर जो सब्सिडी थी, वह बंद कर दी। बता दें कि बक्सर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान एक जून को होना है। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया 7 मई से प्रारंभ हो जाएगी, लेकिन बक्सर में चुनाव अंतिम चरण में होना है। इस सीट से दलीय या निर्दलीय प्रत्याशी लगातार गांव-गांव कैंप कर वोटरों को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। एक दूसरे पर जमकर जुबानी बाण चलाने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

# दंपती सहित चार लोगों को पीटकर किया जख्मी

निज संवाददाता। आरा



♦ बिजली का तार तोड़ने के विवाद पर मारपीट, पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर मामले को किया शांत

भोजपुर जिले के गीधा ओपी अंतर्गत ज्ञानपुर गांव में रविवार की देर शाम बिजली तार काटने के विवाद को लेकर पटीदारों ने पति-पत्नी समेत चार लोगों की लाठी डंडे से मारकर जख्मी कर दिया। इस घटना में सभी बुरी तरह जख्मी हो गए। पड़ोसियों के बीच–बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया। इसके बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मियों में गीधा ओपी अंतर्गत ज्ञानपुर गांव निवासी स्व. राम राज राय के 66 वर्षीय बुला राय, उनकी 55 वर्षीय पत्नी राधिका देवी, इनके दो पुत्र संजय राय (35) और विजय राय (34) शामिल हैं। इधर जख्मी संजय ने बताया कि उनके घर के बिजली का तार उनके पटीदारों के घर से होकर गुजरता है। इसी बीच उनके पटीदारों ने उनके बिजली के तारों को काट दिया। जब वह दोबारा बिजली का तार रिपेयरिंग कर रहे थे।

**नोकझोक के बाद शुरू हुई मारपीटः** तभी उक्त पटीदारों ने इसका विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। पटीदारों ने कहा कि बिजली की तार हमारे घर की ओर से नहीं जा सकता। आप दूसरी तरफ से ले जाए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर नोकझोक हुई। पटीदारों ने लाठी–डंडे से पिटाई कर दी। पड़ोसियों की मदद से मामले को शांत कराया गया। सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। घटना के सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# पवनी कमरपुर हॉल्ट के पास खेत में लगी आग

निज संवाददाता। बक्सर



## बक्सर में अगलगी की सूचना पर स्टेशन पर ही रुकी रही ट्रेन, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

बक्सर के पवनी कमरपुर हॉल्ट और चौसा स्टेशन के पास खेतों में लगी आग रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गई। जिससे रेलवे प्रशासन में अफरा-तफरी मच गया। वहीं इस रूट से गुजरने वाली ट्रेन आग की सूचना पर कुछ देर के लिए स्टेशन पर ही खड़ी हो गई। मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिसके बाद पवनी कमरपुर हॉल्ट के रास्ते आगे के लिए रवाना किया गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार की दोपहर की है। खेतों से गेंहू की फसल कट चुका है। जिसमें किसी के द्वारा आग लगा दिया गया जो फैल कर रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गई। हालांकि, एक किलोमीटर के दायरे ने तीन अलग-अलग जगहों पर लगी आग को बुझाने में तीन घंटे का समय लग गया। रेलवे ट्रैक के आग से घिरे होने की सूचना पर दानापुर कंट्रोल के अधिकारियों के बीच भी हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद बक्सर में 12791 अप दानापुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस को दिन के 1:38 बजे से 2:43 बजे तक रोका गया। वहीं बरुना में मुंबई छत्रपति शिवाजी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को दिन के 2:45 बजे से 2:47 बजे तक रोका गया। इसके साथ ही डाउन में चौसा रेलवे स्टेशन पर दिन में 3:57 से 4:38 तक 03108 लखनऊ सियालदह समर स्पेशल रुकी रही जबकि इसी रेलवे स्टेशन पर दिन में 4:14 से 4:29 तक 12792 डाउन सिकंदराबाद एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। शाम तकरीबन साढ़े चार बजे से परिचालन सामान्य हो सका।

# अलग-अलग जगहों पर छापेमारी, चार बदमाशों की गिरफ्तारी, घटना को अंजाम देने के फिराक में थे

## रायफल-कट्टा और कारतूस पुलिस ने किया बरामद

निज संवाददाता। आरा




भोजपुर पुलिस ने तीन बड़े मामलों का खुलासा किया है। अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर एक अवैध देसी रायफल और दो देसी पिस्टल के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। साथ में सदर एसपी परिचय कुमार भी थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उदवंतनगर थाना के असनी गांव से एक बदमाश अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव और महिला थानाध्यक्ष अंशु कुमारी के नेतृत्व में टीम बनी। टीम ने देसी रायफल और एक गोली के साथ उपेन्द्र कुमार उर्फ मोहन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। टीम में अपर थानाध्यक्ष स्वेता किरण और प्रशिक्षु दारोगा नीतीश कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है।

**बाइक सवार तीन बदमाश हथियार लेकर घूम रहे थेः** वहीं, दूसरा मामला संदेश थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अखगांव स्थित पेड़ा दुकान के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाश हथियार लेकर घूम रहे है। जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के प्रयास में है। इसके बाद संदेश थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। टीम जब पहुंची तो तीनों भागने लगे। टीम ने खदेड़कर एक बदमाश को पकड़ा। जबकि, दो भाग निकले। पकड़ा गया रविशंकर कुमार संदेश के देउआर गांव का निवासी है। उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किया गया है। एक बाइक और एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। इसे लेकर अपराध की योजना बनाने और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। दो अन्य की तलाश जारी है।

**हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तारः** पीरो थाना क्षेत्र के जितौरा बाजार पर पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद छापेमारी कर अपराध की साजिश रचते दो बदमाशों को हथियार समेत रंगे हाथ पकड़ा गया। एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि तरारी के कपुरडिहरा गांव निवासी पंकज कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया है। एक ऑटोमेटिक पिस्टल, 2 मोबाइल और 1 बाइक जब्त की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जितौरा बाजार में एक बाइक पर सवार दो बदमाश हथियार लेकर घूम रहे है। जो किसी वारदात को अंजाम देने के प्रयास में है।

**आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई हैः** पीरो इंस्पेक्टर सुबोध कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। टीम ने घेराबंदी कर पिस्टल के साथ दोनों बदमाशों पंकज कुमार और रोहित कुमार को रंगे हाथ पकड़ा। दो मोबाइल व बाइक को भी जब्त कर लिया गया। टीम में दारोगा सोमर बिंद और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है।

# पत्नी ने ठंडा खाना दिया तो पति ने किया सुसाइड

## मौसेरे भाई ने कहा- खाना फेंकने के बाद बैठकर की बात, रात में अचानक लिया खुदकुशी का फैसला

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर के शाहपुर थाना के ईश्वरपुरा गांव में रविवार रात का खाना ठंडा मिलने से नाराज पति ने अमरूद के पेड़ से लटककर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान शाहपुर थाना के इश्वरपुरा गांव निवासी स्वर्गीय राम चंद्र सिंह के 50 वर्षीय पुत्र कमलेश सिंह के रूप में हुई है। वहीं घटना की सूचना शाहपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई। वहीं घटना को लेकर मृतक के मौसेरे भाई राधा कृष्ण सिंह ने बताया कि कमलेश सिंह की पत्नी रेखा देवी ने रविवार की रात जब उसे खाना दिया तो खाना थोड़ा ठंडा हो गया था। इसी वजह से कमलेश ने ताली पटक दी उसके बाद हमने उसे चाय पीने के लिए बुलाया। हम दोनों ने साथ बैठकर चाय पी और करीब एक घंटा बैठकर हम दोनों में बात भी हुई। उन्होंने बताया कि उसके बाद वो अपनी दुकान पर सोने चले गए।लेकिन कुछ देर घर वालों ने फोन कर इस घटना की जानकारी दी। कमलेश सिंह ने देर रात अपने घर के बाहर अमरूद के पेड़ से लटककर खुदकुशी कर ली। इसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई। जहां शव का पोस्टमार्टम कराया। मिली जानकारी के मुताबिक कमलेश सिंह अपने दो भाइयों में छोटे थे। कमलेश सिंह का एक बेटा अमित कुमार है जो रेलवे ग्रुप डी में भुसावल में पोस्टेड है। बताया जाता है कि कमलेश सिंह स्वादिष्ट खाना खाने के शौकीन थे।

# संदेहास्पद स्थिति में इंजीनियरिंग के छात्र की मौत

निज संवाददाता। आरा



शहर के टाउन थाना क्षेत्र के चित्र टोली रोड में रविवार रात संदेहास्पद स्थिति में इंजीनियरिंग के छात्र की मौत हो गई। परिजन ने पट्टीदार पर उसे मारने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मृत छात्र टाउन थाना क्षेत्र के चित्र टोली रोड निवासी मनोरंजन प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार उर्फ कृष है। वह इंटर का छात्र था। चेन्नई में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था।

**पट्टीदार से कुछ दिनों से विवाद चल रहा हैः** मृत छात्र के भाई विशाल कुमार ने बताया कि संपत्ति को लेकर पट्टीदार से कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। संपत्ति को लेकर भाई को मारने की धमकी भी दी जा रही थी। रविवार की देर शाम जब उसके पिता दूध लाने के लिए बाहर गए थे। उस समय वह भी बाहर था और उसकी एक बहन भी बाहर गई थी। उसके कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। दूध लेकर जब उसके पिता वापस घर लौटे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में पलंग पर पड़ा है। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार और टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृत छात्र के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

निज संवाददाता। आरा



रविवार की सुबह टाउन थाना क्षेत्र के आरण्य देवी मंदिर के समीप एक पुजा सामग्री की दुकान एवं मकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लगी। अगलगी की घटना में लाखों का समान जल कर राख हो गया। घटना की सूचना टाउन थाना और फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड के प्रभारी मो सेराज खाँ के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अग्निशमन वाहन की तीन दस्ता पूरे दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची और समय रहते हुए आग पर पूर्ण रुप से काबू पा लिया गया। जिससे आरण्य देवी मंदिर के आस-पास होने वाली अग्निकांड की घटना होने से रोक लिया गया। इस कार्य में अग्निशामक के आए प्रभारी मो सेराज खां, अग्निक रवि कुमार, अग्निक नीरज कुमार, अग्निक गुड्डु कुमार, अग्निक अनुज कुमार, अग्निक मुन्ना कुमार, ममता कुमारी , पुजा कुमारी, लक्की कुमारी, सुप्रिया कुमारी, चालक शत्रुधन मंडल, प्रधान छोटेलाल कुमार, मनोज कुमार इत्यादि कर्मी ने आग पर काबू पाने में सफलता पाई।

# आरा में लापता युवक का शव बरामद, घर से सब्जी खरीदने निकला था शख्स, पानी में तैरती मिली लाश

निज संवाददाता। आरा



आरा में दो दिन पहले घर से सब्जी खरीदने निकले एक मजदूर का शव बरामद हुआ है। उसका शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोड़ स्थित पुल के नीचे नहर से सोमवार की दोपहर बरामद किया गया है। शव के मिलने से लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला निवासी स्व.केशो प्रसाद का बेटा वीरेंद्र कुमार(39) है। वह पेशे से मजदूरी करता था। इधर, मृतक के बड़े भाई रघुवर प्रसाद ने बताया कि शनिवार की शाम करीब 5 बजे वह घर से सब्जी खरीदने बाजार निकला था। लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच स्थानीय लोगों ने आनंद नगर मोड़ स्थित पुल के नीचे नहर में उसके शव को पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजन और टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर परिजन और टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय,दरोगा मो.अली पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। वहीं, दूसरी तरफ मृतक के बड़े भाई रघुवर प्रसाद ने नहर में डूबने के कारण मौत होने की बात कही है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और तीन बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां चंद्रावती देवी और एक 5 साल का बेटा कल्लू है।

मृतक की पत्नी माया देवी की मौत 3 साल पहले प्रसव के दौरान हो गई थी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां चंद्रावती देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


एक नजर

## करोड़ों की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**पूर्णिया (नि.सं.)**। फर्जी कंपनी खोलकर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले शातिर ठग राजीव कुमार सिंह को को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लखपति से करोड़पति बनने के लिए ठग राजीव सिंह ने 450 से अधिक लोगों को हसीन सपने दिखाकर अपने जाल में फंसाया। 50 करोड़ से भी अधिक की ठगी की और खूब पैसे बनाए। लोगों को ठगी का शिकार बनाने के बाद राजीव बीते जनवरी से ही फरार चल रहा था। पुलिस को मास्टरमाइंड राजीव सिंह की तलाश थी। जानकीनगर थाना पुलिस ने करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले शातिर ठग राजीव सिंह को उसके जानकीनगर थाना क्षेत्र के इटहरी गांव स्थित घर से पकड़ा। हालांकि पत्नी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि जानकीनगर थाना क्षेत्र के इटहरी गांव के रहने वाले राजीव कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने बेशुमार पैसे बनाने के लिए अपनी पत्नी रूची प्रिया, मरंगा निवासी दीपक कुमार दास व खगड़िया के रहने वाले केडी यादव के साथ मिलकर केएनजीसी फर्म के नाम पर फर्जी कंपनी खड़ा किया। देखते ही देखते 4 साल में आलीशान बंगला और करोड़ों की प्रॉपर्टी खड़ी कर ली। राजीव और उसके गिरोह के लोग एनजीसी फर्म की आड़ में एजेंट के मार्फत सरकारी योजनाओं के नाम पर ठगी का कारोबार चलाते रहे। जब तक ठगी का भांडा फूटा 450 से अधिक लोग ठगी के शिकार हो चुके थे। करोड़ों की ठगी के बाद मास्टरमाइंड राजीव सिंह अपनी पत्नी और अन्य साथियों के साथ रातों-रात भाग निकला। इसके बाद से राजीव की धड़-पकड़ के लिए पुलिस की छापेमारी जारी थी। रविवार को छापेमारी के क्रम में पुलिस को राजीव के घर में छीपे होने की गुप्त सूचना मिली। जिसकी जानकारी तत्काल एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा को दी गई। एसपी के निर्देश पर जानकीनगर थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने अन्य पुलिस बल के साथ राजीव सिंह के घर पर छापेमारी की और उसे पकड़ लिया। उसकी पत्नी की गिरफ्तारी के लिए भी विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस की जांच में करोड़ों की ठगी की पुष्टि हुई है। शातिर ठग ने भी अपना जुर्म कबूल लिया है। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## देहरादून से बिहार के परीक्षा माफिया गिरफ्तार



**पटना (नि.सं.)**। बिहार के रहने वाले दो परीक्षा माफिया जितेश कुमार और राहुल कुमार को देहरादून से गिरफ्तार किया है। ये दोनों कई पेपर लीक मामलों के मुख्य आरोपी हैं। दोनों जालसाज इन दिनों देहरादून में ही रह कर अलग अलग संस्थानों के ऑन पेपर को लीक कराने का काम कर रहे थे। इन दोनों की गिरफ्तारी उज्जैन से पलड़े गए आरोपियों के निशानदेही पर हुई। दोनों के पास से पुलिस एक लैपटॉप, तीन मोबाइल और चार अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड बरामद किया है। हालाकि पुलिस की सूचना पा कर दो पेपर लीक मामले के दो आरोपी कुलवीर और गौरव यादव फरार हो गए। पुलिस बहुत जल्द इन दोनों को बिहार ले कर आएगी। इनकी निशादेह पर पटना, नालंदा और गया में भी देर रात छापेमारी कर 7 लोगों को इस मामले में पूछताछ कर रही है। तमिलनाडु के एक नामी निजी विश्विद्यालय का इंट्रेंस टेस्ट हो रहा था। यह इंट्रेंस टेस्ट देश में कई जगहों पर ऑन लाइन हो रहा है। ये चारो शातिर देहरादून के एक ऑफिस में बैठ कर इसी पेपर को लीक करा रहे थे। देहरादून पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गिरोह ऑनलाइन सेंटर पर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। इसके बाद टीम सहस्त्रधारा रोड पर एडु चॉइस कंसलटेंसी में छापेमारी की। देहरादून पुलिस ने बताया कि पुलिस जब वहां पहुंची तो देखा की पेपर लीक कराने का पूरा इंतजाम किया गया है। वहीं से कई राज्यों में अलग अलग अलग बच्चों को आंसर भेज रहे थे। सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर के रहने वाले जितेश कुमार और मुजफ्फरपुर के काजी मुहम्मदपुर के रहने वाले राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं इस गिरोह के सरगना कुलवीर और गौरव यादव फरार हो गए। जितेश और राहुल ने पुलिस को बताया कि मोटी रकम लेकर इंट्रेंस टेस्ट में पास कराने का ठेला हम लोग लेते थे। इस बार भी हम लोगों ने सारी सेटिंग कर ली थी। काम शुरू भी हो गया था। हम लोग सीधे सर्वर रूम से ही अभ्यर्थियों के कम्प्यूटर का एक्सेस ले कर सीधे सॉल्वर के जरिए प्रश्नपत्र सॉल्व करा रहे थे। तब तक पुलिस आ गई। इसी बीच खाना लाने गए हमारे दो साथी फरार हो गए। देहरादून के एसएसपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जितेश और राहुल के गिरोह ने देहरादून के अलावा रुड़की, मुरादाबाद, बैंगलोर, रूढ़की और मथुरा के कुछ ऑनलाइन सेंटर को मिलकार वहां फर्जीवाड़ा किया है। झारखंड का प्रांजल और सहरसा का हर्ष इस गिरोह के लिए सॉल्वर का काम करता है। बिहार के अच्छे संस्थान में पढ़ने वाले 3 छात्रों का नाम भी सॉल्वर के रूप में आया है। पुलिस पटना एसटीएफ के संपर्क में है। पटना एसटीएफ इनकी जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

## चोरों ने बुजुर्ग के पॉकेट से निकाला एक लाख

**पटना (नि.सं.)**। पटना में अपराधियों ने एक बुजुर्ग का पॉकेट काट लिया। अपराधियों ने बुजुर्ग के पॉकेट से एक लाख रुपए पॉकेट काट कर निकाल लिए। बुजुर्ग पैसा बैंक से निकाल कर ले जा रहे थे। अगले महीने बुजुर्ग के घर में पोती की शादी है, इसी लिए पैसे घर ले जा रहे थे। पॉकेट कटने के बाद बुजुर्ग बहुत देर तक पैसा ढूंढते रहे। नही मिलने पर घर वालों को बताया। घर वाले आए तो देर रात थाना में मामला दर्ज किया गया। वहीं पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस घटना में फुलवरिया बेगूसराय के तिवारी गैंग का नाम सामने आया। यहीं गैंग बैंक में नजर बनाए रखता है। जब कोई बुजुर्ग या महिला पैसा निकाल कर घर जाते हैं तो ये बदमाश उनको अपना शिकार बनाते हैं। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक शख्स राहुल तिवारी, पिता अवध तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। पटना में कुरथौल के रहने वाले रामइत्तर प्रसाद सिन्हा का शातिरों ने जक्कनपुर थाना क्षेत्र के गया गुमटी के पास जेब काट लिया और एक लाख रुपए की चोरी कर ली। बुजुर्ग ने थाना जक्कनपुर में मामला दर्ज कराया है। बुजुर्ग ने बताया कि उनके पोती की शादी है अगले महीने। इसलिए बैंक से पैसा निकालने गया था। बुजुर्ग ने बताया कि वो बिस्कोमान के पास एसबीआई से एक लाख रुपया निकालकर टेंपो से जीपीओ पहुंचे। वहां से वे पैदल ही गया लाइन गुमटी के पास पहुंचे। गया लाइन गुमटी से वे कुरथौल के लिए ऑटो लेने वाले थे कि दो बाइक सवार लड़के उनके पास पहुंचे और कहा- चाचा आपके कुर्ता में गोबर लगा हुआ है। रामइत्तर गोबर साफ करने लगे। दोनों युवक साफ करने में मदद करने लगा। इस बीच एक और लड़का आया और मदद का झांसा देकर उनके कुर्ता का पैकेट काटकर एक लाख रुपया निकाल लिया। इसके बाद तीनों वहां से फरार हो गए। बुजुर्ग को झांसा देकर शातिर फरार हो गए। उसके बाद बुजुर्ग ऑटो पकड़ कर घर की तरफ जाने के बीच में उनको महसूस हुआ कि उनका पॉकेट हल्का लग रहा है। उन्होंने अपना पॉकेट चेक किया। पॉकेट नीचे से पैसा समेत पैसा काटा हुआ है। जिसके बाद बुजुर्ग उस ऑटो से उतर कर उसी जगह आए जहां से शातिरों ने गोबर धुलवाया था। लेकिन वहां बुजुर्ग को कोई नही मिला ना ही उनका पैसा उसके बाद उन्होंने अपने घर पर इसकी जानकारी दी। जक्कनपुर थाना के थानाध्यक्ष एच एन सिंह ने बताया कि रामइत्तर के बयान पर जक्कनपुर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को शक था कि बदमाश बैंक से ही बुजुर्ग का पीछा कर रहे थे।

ट्रक ने बगैर इंडिकेटर दिए रॉन्ग साइड लिया, जिसके बाद ट्रक में जा घुसी बारातियों से भरी वाहन

# सड़क हादसे में दो की मौत, पांच घायल



- तीन बारातियों की स्थिति गंभीर
- जिस वक्त हादसा हुआ 80 के करीब थी वाहन की रफ्तार

निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में किशनगंज के बहादुरगंज से आई बारातियों से भरी स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सवार दो बारातियों की मौत हो गई। दोनों आपस में नाना-नाती लगते हैं। इसके अलावा हादसे में 5 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें 3 की स्थिति गंभीर है। मृतक पश्चिम बंगाल के सिल्लीगुड़ी के माटीगड़ा के पोतीराम गांव निवासी हैं। घटना जलालगढ़ थाना के सीमा काली मंदिर पेट्रोल पंप के समीप रात 3 बजे की है। जिस वक्त हादसा हुआ स्कॉर्पियो की रफ्तार 80 के करीब थी। ट्रक ने बगैर इंडिकेटर दिए रॉन्ग साइड लिया, जिसके बाद बारातियों से भरी स्कॉर्पियो ट्रक में जा घुसी। दूल्हे के रिश्तेदार नाना वरुण मंडल (50) और नाती दीपांकर मजूमदार (11) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों में दूल्हे की दादी गीता देवी (60), जोया मंडल (49), जुली मंडल (52), चुटकी मंडल (31) समेत ड्राइवर मो. तस्लीम (31) शामिल है। दल्हे के रिश्तेदार सोनू कुमार ने बताया कि कल सुमन मंडल की शादी थी।

वे सभी किशनगंज जिले के बहादुरगंज के सिंहेश्वर जनता गांव से बारात लेकर पूर्णिया के जनता चौक आए थे। वे बारात से एक स्कॉर्पियो पर सवार होकर वापस किशनगंज लौट रहे थे। तभी जलालगढ़ थाना की सीमा काली मंदिर पेट्रोल पंप के समीप ट्रक ने बगैर इंडीकेटर दिए रॉन्ग साइड ले लिया। बारातियों से भरी स्कॉर्पियो सीधे ट्रक में जा घुसी। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कॉर्पियो में बैठे नाना -नाती की स्पॉट डेथ हो गई। हादसे के बाद इन्होंने डायल 112 की पुलिस और सरकारी एंबुलेंस को फोन किया। काफी इंतजार के बाद भी जब पुलिस और एंबुलेंस नहीं पहुंची, तो स्थानीय लोगों के सहयोग से पेट्रोल पंप पर मौजूद रस्सी और ट्रैक्टर के सहारे स्कॉर्पियो को ट्रक के नीचे से निकल गया। इस दौरान पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। जिसके बाद सभी को गंभीर हालत में GMCH पूर्णिया में एडमिड कराया गया। यहां घायलों में तीन की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें सिलीगुड़ी रेफर कर दिया।

## ट्रक की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की मौत, तीन घायल

निज संवाददाता



**सुपौल**। सुपौल के NH-57 मुख्य मार्ग पर पिपराखुर्द के पास ट्रक ने सड़क किनारे खड़े पिकअप समेत 4 लोगों को टक्कर मार दी। दो सगे भाई की मौत हो गई। ट्रक समेत चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान पिपरा खुर्द वार्ड नंबर 5 निवासी मिश्री लाल मंडल के बड़े बेटे 13 वर्षीय सुमन कुमार और दूसरे बेटे 12 वर्षीय पवन कुमार के रूप हुई है। मृतकों के परिजन राहुल कुमार ने बताया कि गांव के ही प्रकाश मंडल के बेटे की शादी रविवार को थी। बारात निकलने से पहले घरवाले दूल्हे को लेकर गांव में मंदिर में पूजा अर्चना के लिए निकले थे। उसके पीछे डीजे गाड़ी निकली और डीजे की धुन पर बच्चे डांस कर मंदिर की तरफ जा रहे थे। वापस एनएच-57 क्रॉस करने के लिए डीजे गाड़ी के पीछे बच्चे सड़क किनारे खड़े थे कि सड़क पार करेंगे।

इसी बीच भपटियाही से फारबिसगंज की तरफ जा रहे दो ट्रक बड़ी तेज रफ्तार में ओवरटेक कर रहे थे, जिसमें एक ट्रक ओवरटेक करके निकल गई जबकि दूसरा ट्रक सड़क किनारे खड़े डीजे गाड़ी में जबरदस्त टक्कर हो गई। इसके पास खड़े बच्चे उस ट्रक और डीजे गाड़ी के चपेट में आने से 13 वर्षीय सुमन कुमार की मौत हो गयी। जबकि उसके छोटे भाई 12 वर्षीय पवन कुमार की मौत दरभंगा डीएमसीएच में मौत हो गयी। जबकि तीन अन्य जख़्मी हो गए। जख़्मी में 17 वर्षीय गौतम कुमार और ट्रक डाइवर 35 वर्षीय मो. नवी जो उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले का निवासी हैं। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह दिल्ली से जोगबनी जा रहा था। इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को और उसके ड्राइवर को पकड़ लिया और ट्रक चालक मो नवी की जमकर धुनाई कर दीं। जख़्मी ट्रक ड्राइवर का सुपौल सदर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। दूसरी तरफ मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा है।दोनों सहोदर भाइयों के मौत पर मां बाप के आंसू थम नहीं रहे हैं।

## मर्डर केस में पूर्व एमएलए तारकेश्वर सिंह को उम्रकैद

**सारण(नि.सं.)**। मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को मर्डर केस में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सारण व्यवहार न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया है। पूर्व एमएलए पर 1996 में एक व्यवसायी की हत्या का आरोप लगा था, जिसमें कोर्ट ने उन्हें दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 19 अप्रैल को ही उन्हें दोषी करार दिया था। वहीं, मामले में दो अन्य आरोपियों को सबूत के अभाव में छोड़ दिया गया था। तारकेश्वर सिंह को कोर्ट में दोषी करार दिए जाने के बाद पुलिस ने न्यायिक हिरासत में लेकर मंडल कारा छपरा भेज दिया था। जेल से ही वीसी के जरिए सजा सुनाई गई है। एमएलए तारकेश्वर मशरक विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं। पूर्व विधायक को 28 साल पुराने केस में सजा सुनाई गई है। 10 जनवरी 1996 को मशरक थाने के पानापुर ओपी क्षेत्र रे व्यवसायी शत्रुघ्न शाह की हत्या हुई थी। इस मामले में तत्कालीन विधायक तारकेश्वर सिंह समेत 7 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। प्राथमिकी के अनुसार, 10 जनवरी 1996 को पानापुर बाजार में तत्कालीन विधायक किसी काम से आए थे। यहां तत्कालीन विधायक ने अपने बॉडीगार्ड रुस्तम खान से शत्रुघ्न शाह को गोली मारने का आदेश दिया, जिसके बाद रुस्तम खान ने उनको गोली मार दी थी। इसके बाद विधायक उनके शव को साथ लेकर चले गए। घटना के दो दिन बाद शव मोतिहारी के डुमरिया पुल के नीचे से शत्रुघ्न शाह की बॉडी बरामद हुई थी।

## तीन घरों में लगी आग, एक झुलसा



निज संवाददाता

**गोपालगंज**। गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के फतहा गांव में शॉर्ट सर्किट से झोपड़ीनुमा तीन घर में अचानक आग गई। इस अगलगी की घटना में एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। झुलसे व्यक्ति की पहचान फतहां गांव निवासी अवध किशोर मांझी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अवध किशोर मांझी और उसके परिवार के अन्य सदस्य अपने घर में मौजूद थे। इसी बीच शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से उसकी झोपड़ी में आग लग गई। इसके बाद सभी परिवार झोपड़ी को तोड़ते हुए घर से बाहर निकल कर अपनी जान बचाया। हालांकि आग फैलने के कारण देखते ही देखते और देखते ही देखते ज्योति देवी और हरिलाल महतो के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। इस अगलगी की घटना में अवध किशोर महतो का एक गाय और बकरी की झुलस कर मौत हो गई। वही तीन घर में रखे गए अनाज, कपड़े जिसकी अनुमानित कीमत दो लाख के अलावा नगद राशि जलकर राख हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नगर थाना इंस्पेक्टर ओपी चौहान ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। एक व्यक्ति झुलसा है जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## वाहन जांच के दौरान कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के श्रीपुर थाना क्षेत्र के मिश्र बतराहां पेट्रोल पंप के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास पुलिस ने चोरी के बोलेरो देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार युवक से पुलिस पुलिस पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के छोटका जिगना गांव निवासी छोटक सिंह के बेटा अंकित कुमार के रूप में की गई। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की टीम द्वारा विभिन्न जगहों पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच सोमवार को श्रीपुर थाना क्षेत्र मिश्र बतराहां पेट्रोल पंप के पास वाहन जांच की तभी एक बोलेरो मौके पर पहुंची जिसे रोक कर जब तलाशी ली गई तो बोलेरो में सवार एक युवक के पास से एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

लोकसभा के पांचवें और छठे चरण के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी

## बूथों पर पेयजल, टेंट और पंडाल की होगी व्यवस्था ताकि लोगों को नहीं हो परेशानी : जिलाधिकारी

निज संवाददाता



**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में भीषण गर्मी और हिट वेब के बीच में होने वाले लोकसभा के पांचवें और छठे चरण के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। पहले और दूसरे चरण के वोटिंग के प्रतिशत कम होने के बाद से चुनाव आयोग के निर्देश पर अब वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रचार-प्रसार के अभियान को चला रहा है। इसके साथ ही मतदान केंद्र पर अत्यधिक धूप में मतदाताओं को कठिनाई न हो इसको लेकर सभी बुनियादी चीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिसमें पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ टेंट और पंडाल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पंखा और बिजली बल्ब की व्यवस्था कराई जाएगी ताकि बूथ पर आने वाले मतदाता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करना नहीं पड़े। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत सेन ने इसको लेकर सभी विभाग के अधिरकारी को इस कार्य को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। डीएम सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि बढ़ते गर्मी से लोगों को वोटिंग करने में परेशानी हो सकती है। इसको लेकर टेंट, पेयजल की व्यवस्था और शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। ताकि लोगों को वोटिंग करने में कोई परेशनी नहीं हो। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

मुंगेर से अपने घर लौट रहे थे सभी बाराती

## बस के ऊपर बैठे आठ बाराती करंट लगने से झुलसे, चार बारातियों की स्थिति गंभीर

निज संवाददाता



**बांका**। बांका के बेलहर में बस के ऊपर सवार 8 बाराती करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर अवस्था में चार बारातियों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी बाराती मुंगेर से अपने घर लौट रहे थे। बिजली तार के संपर्क में आने से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घटना सोमवार की सुबह बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत माधुरीटांड़ गांव की है। बताया जाता है कि कुमरेल्ल गांव निवासी करण मांझी, राकेश मांझी, मुकेश कुमार, विकास कुमार, अशोक मांझी, जीवन कुमार, रतन मांझी सभी बस की छत पर बैठकर मुंगेर के गोविंदपुर गांव लड़के पक्ष से सभी बाराती गए थे। बस के अंदर भी काफी बाराती बैठे थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद सोमवार की सुबह सभी बाराती बस पर सवार होकर अपने घर के लिए रवाना हो गए।

माधुरीटांड़ गांव के पास जैसे ही बस पहुंची तो वहां लटक रहे बिजली पोल के तार की चपेट में ऊपर बैठे 8 बाराती झुलस गए। बस के अंदर बैठे चालक ने ऊपर बैठे बारातियों की आवाज सुनकर आनन-फानन में बस रोकी। सभी को बेलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सूचना के बाद बेलहर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चार बारातियों को गंभीर अवस्था में भागलपुर के मायागंज अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

## पॉक्सो एक्ट में आरोपी को मिली 25 साल की सजा

**सुपौल (नि.सं.)**। पॉक्सो एक्ट के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शष्टम सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो बृज किशोर सिंह ने नाबालिग के साथ रेप करने मामले में अभियुक्त को 25 साल की जेल और 25 हजार रूपए का आर्थिक दंड देने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही नाबालिग के अपहरण मामले में पॉक्सो की धारा 363 के तहत 5 साल की जेल और 05 हजार रुपए अर्थदंड की सजा भी सुनाई है। अभियोजन नीलम कुमारी ने बताया कि जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र की एक 16 साल की नाबालिग लड़की के साथ 16 जून 2021 को पिपरा थाना क्षेत्र के सखुआ निवासी 21 साल के मो आसीफ ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद रेप की घटना को अंजाम दिया था। इसको लेकर पीड़िता के पिता ने राघोपुर थाना में मामला दर्ज कराया था। वहीं राघोपुर पुलिस ने बीते 18 नवंबर 2021 को आरोप गठन कर न्यायालय के समक्ष समर्पित किया था। आज उसमें फैसला आया है। इसमें दो सजा सुनाई गई है और दोनों सजा साथ-साथ चलेगी। इसके अलावा जुर्माना नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है।

## बंद घर से लाखों की संपत्ति की चोरी शादी समारोह में गया था परिवार

निज संवाददाता

**पटना**। पटना सिटी के बाईपास थाना क्षेत्र के बेगमपुर दादर बड़ी जैन मंदिर के पीछे चोरों ने बंद पड़े घर में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग घर को बंदकर शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सोमवार को जब शादी समारोह संपन्न होने के बाद वापस घर लौटे तो देखा कि सभी कमरे का ताला टूटा पड़ा है और कमरे में रखे गए गोदरेज, आलमीरा से कीमती सामान और रुपए गायब हैं। परिजनों ने इसकी सूचना बाईपास थाने को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए बाईपास थाना प्रभारी राजेश कुमार झा ने बताया कि परिवार के लोगों के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर लगभग 1 लाख से अधिक के नगद और जेवरात के चोरी की शिकायत की गई है। बताया जा रहा है कि बेगमपुर दादर बारी के नजदीक पप्पू कुमार अपना मकान बना कर रह रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले वो अपने परिवार के किसी सदस्य के यहां शादी समारोह में शामिल होने पूरे परिवार के साथ गए थे।

घर के मुख्य गेट का ताला बंद कर दिया था। सोमवार को जब पप्पू कुमार अपने परिवार के साथ घर वापस लौटे तो घर में घुसते ही उन्होंने देखा कि कमरे के अंदर रखे गए गोदरेज अलमीरा और सभी अलमीरा का ताला टूटा पड़ा है। छानबीन में उन्होंने पाया कि आलमारी में रखे गए सोने के जेवरात और नगद रुपए गायब है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत बाईपास थाने को की है। बताया जा रहा है कि लगभग डेढ़ लाख रुपए से अधिक के जेवरात और नगद की चोरी की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## नेपाल पुलिस ने ड्रग माफिया बब्लू पासवान को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**मोतिहारी(पूर्वी चम्पारण)**। भारत नेपाल के रक्सौल बॉर्डर पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला कुख्यात अपराधी बबलू पासवान को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो दिन पहले उसकी पत्नी ने हरैया ओपी प्रभारी पर उसको गायब करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर रक्सौल थाना में आवेदन भी दिया था। आवेदन मिलने के बाद एसपी कांतेश मिश्रा ने रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार को जांच करने को कहा था। हालांकि अब मामले का खुलासा हो गया है। बबलू कही गायब नहीं हुआ था बल्कि उसे नेपाल की पुलिस ने परसा जिला के बीरगंज चेक पोस्ट से गिरफ्तार कर लिया था। इस बात की पुष्टि नेपाल के परसा जिला के एसपी कुमोध ढूंगेल ने किया है। उन्होंने बताया कि बबलू पासवान काठमांडू के गोथातर कांड का मुख्य आरोपी था। उसकी खोज काफी दिनों से की जा रही थी। इस क्रम में चेक पोस्ट पर जांच चल रही थी और तभी बबलू को पुलिस ने पहचान लिया। इसके बाद वह भागने लगा। पुलिस ने उस पर फायरिंग की और एक गोली उसके दाएं पैर में लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए नारायणी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक पिस्टल और मादक पदार्थ बरामद किया गया। मोहम्मद दर्जी उर्फ लाल मोहम्मद की हत्या करने का आरोप उस पर है। सितंबर 2022 में काठमांडू के कागेश्वरी मनोहरा नगर पालिका-8 के गोथातर में उसकी हत्या की गई थी। पुलिस के अनुसार बबलू ने इस घटना की योजना बनाई थी। वहीं घटना में मोहम्मद दर्जी को 2 गोलियां सिर में, एक गोली दाएं हाथ में और एक गोली जांघ में लगी थी।

## अब पर्यटकों की सुरक्षा का जिम्मा उठाएगी पर्यटक पुलिस

- शौचालय-पेयजल भी सुनिश्चित करेगी पर्यटक पुलिस
- बोधगया-राजगीर में विदेशी टूरिस्ट को लेकर रखा जाएगा खास ख्याल
- गृह विभाग करेगी पर्यटक पुलिस कैडर का गठन



निज संवाददाता

**पटना**। बिहार में पर्यटकों की सुरक्षा का जिम्मा अब 'पर्यटक पुलिस' उठाएगी। बिहार पर्यटन विभाग ने सैलानियों की सहूलियत के लिए ऐसा करने का निर्णय लिया है। आमतौर पर मेला या त्योहार के समय ही पुलिस की तैनाती होती है। अन्य दिनों में यहां सुरक्षा के बेहतर इंतजाम नहीं होते हैं। इसके साथ ही ज्यादातर पर्यटन स्थल थाने से दूर भी हैं। पर्यटन विभाग की योजना वर्ष भर पर्यटक पुलिस की तैनात करने की है, ताकि परिवार सहित पर्यटन स्थलों पर घूमने आने वाले लोगों को हिचक न हो। विभागीय सूत्रों के अनुसार गृह विभाग को पहले ही पत्र लिख चुका है। गृह विभाग ही पर्यटक पुलिस के लिए कैडर का गठन करेगी। इसके लिए कागजी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, पर्यटन विभाग निजी एजेंसी की मदद लेकर स्थाई नियुक्ति करना चाह रही है ताकि तब तक ये काम शुरू हो जाए। देश भर के कुछ मुख्य एजेंसियों से इसके लिए बातचीत चल रही है। चुनाव बाद इसे दिशा दी जाएगी। सबसे पहले इसकी शुरुआत पटना से होगी।

पटना के साथ-साथ बिहार के जो मुख्य पर्यटक स्थल जैसे कि बोधगया-राजगीर आती है, जहां विदेशी टूरिस्ट ज्यादा आते हैं, वहां सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन पर्यटक पुलिस को लगाया जाएगा। इस तैनाती से पर्यटकों के बीच संदेश जाएगा कि उनकी सुरक्षा सुव्यवस्थित तरीके से हो रही है। उन्हें बिहार के पर्यटन स्थलों पर परिवार सहित घूमने लायक माहौल मिलेगा। वर्तमान में राज्य में 100 से अधिक प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। इनमें से कई पर्यटन स्थलों पर साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम नहीं दिखते हैं। कई जगहों पर शौचालय, पीने का साफ पानी और यहां तक कि विश्रामगृह की सुविधा भी नहीं होती है। ऐसी जगहों पर पर्यटक जाने से कतराते हैं। जाते भी हैं तो ज्यादा देर तक नहीं रुकते हैं। वहीं, ज्यादा व्यस्त पर्यटन स्थलों पर साफ-सफाई की समस्या होती है। ऐसी जगहों पर पर्यटकों को घूमने में समस्या होती है। पर्यटक पुलिस की तैनाती के बाद यह कमी दूर हो पाएगी।

# भीषण गर्मी को देखते हुए सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालय का समय बदला

- मौसम विज्ञान केंद्र अनीसाबाद, पटना के रिपोर्ट के अनुसार भागलपुर में भीषण हीट वेभ चल रहा है,



निज संवाददाता

**भागलपुर**। जिले में भीषण गर्मी और लू को देखते हुए सभी सरकारी, गैर सरकारी विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों में पठन-पाठन का कार्य सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक होगा। सभी विद्यालय के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने विद्यालयों में आदेश के अनुरूप पठन-पाठन की अवधि का निर्धारण करें। अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, भागलपुर, नवगछिया, कहलगांव, जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर जिला कार्यक्रम समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, भागलपुर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का आदेश डीएम नवल किशोर चौधरी की ओर से दिया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र अनीसाबाद, पटना के रिपोर्ट के अनुसार भागलपुर में भीषण हीट वेभ चल रहा है, इसलिए जिला प्रशासन भागलपुर की ओर से जारी सुझाव पर अमल करें, लू के प्रभाव को गंभीरता से लें, इससे बचाव के लिए आवश्यक सावधानी रखें और सुरक्षित रहें।

**क्या करें:**

- घर के बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी अवश्य पिएं।
- सूती, ढीले औप आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी/कपड़ा/छतरी का उपयोग करें।
- पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें।
- भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक न निकलें।

**क्या न करें:**

- धूप में खाली पेट न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें।
- मिर्च मसाले युक्त और बासी भोजन न करें।
- धूप में अधिक न निकले। कूलर या एसी से धूप में एकदम न निकलें।

**लू के लक्षण :**

- सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना औप बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना।

**लू के लक्षण होने पर ध्यान रखें :**

- व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटावें। व्यक्ति के कपड़े ढीलें करें।

# तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर, तीन घायल

निज संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के गोपालपुर की है। कार में सवार होकर आधा दर्जन लोग जीरोमाइल की तरफ से लोदीपुर के तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दिया, जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे जा गिरी। हादसे में नाबालिग (16) समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़कर घायल को बाहर निकाला और उसे मायागंज अस्पताल तक पहुंचाया, जहां घायल का इलाज चल रहा है। सोमवार की दोपहर कार पर सवार होकर सभी स्विमिंग पूल में नहाने जा रहे थे। मायागंज अस्पताल में घायल श्रेया और कुमार सुंदरम का इलाज चल रहा है। जबकि एक घायल का प्राइवेट क्लीनिक में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायल श्रेया ने बताया कि भाई के दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल नहाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके बाद कार सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। उसके बाद उसे कुछ याद नहीं है। घटना के बाद से ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। श्रेया ने आगे बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल था। घायल के परिजनों ने बताया कि स्विमिंग पूल घूमने के लिए जा रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मायागंज अस्पताल पहुंचे। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से गड्ढे से कार निकालकर अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## धोखे से विवाहिता ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

निज संवाददाता



**भागलपुर**। नवविवाहिता ने धोखे से पॉइजन खा लिया। इसके बाद उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल नवगछिया में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मुन्नी शाह के पत्नी रंजन देवी (19) के रूप में की गई है। दो महीना पहले हिंदू रीति रिवाज से सहरसा के सोनबरसा निवासी शंकर शाह की पुत्री रंजन से नवगछिया के मकनपुर निवासी मुन्नी शाह से शादी हुई थी। दोनों पति-पत्नी के बीच अच्छे संबंध थे। लेकिन धोखे से मृतका ने पॉइजन खा ली जिससे की इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना के संबंध में मृतका के देवर ने बताया कि खून साफ करने वाले सिरप पीने के लिए गई हुई थी। लाइट कट गया बगल में केला के फसल में देने वाली दवाई थी। धोखे से पी लिया। जब चक्कर आने लगी तो चिल्लाने लगी। उसके बाद हम लोगों ने देखा इसके बाद नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने बेहतर उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने आगे बताया कि दो महा पूर्व शादी हुई थी। पति मुन्नी शाह मजदूरी करता है। पति के मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मृतका के पिता बाहर में रहकर मजदूरी करता है। इधर, घटना के बाद मृतका के परिवार वालों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

## पति से नाखुश नवविवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**भागलपुर (नि.सं.)**। पति से नाखुश एक नवविवाहिता ने गुस्से में जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतका रंजन कुमारी (19) नवगछिया के मकंदपुर निवासी मुन्नी साह की पत्नी थी। तीन माह पहले उसकी शादी हुई थी। रविवार को परिजनों ने बरारी पुलिस कैंप में घटना के बारे में फर्द बयान दर्ज कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका की सास ने बताया कि बहू पति को खाना बनाकर भी नहीं खिलाती थी। इसी कारण हमलोग उसे कुछ कहते भी नहीं थे। मृतका के देवर मंटू साह ने बताया कि शनिवार की देर रात उसने खाने के बाद गलती से जहरीला पदार्थ खा लिया था।

# आग से 5 घर जलकर राख, जिंदा जला बच्चा

निज संवाददाता



**भागलपुर**। आग लगने से 5 घर जलकर राख हो गए। इसी आग में जलकर 10 वर्ष के एक बच्चे की भी मौत हो गई। उसकी पहचान छोटू कुमार के रूप में हुई है। आग लगने की इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति और दो बाइक जलकर राख हो गई। घटना सुलतानगंज इलाके के बाथ क्षेत्र के पासवान टोला की है। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि हाईटेंशन तार में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से हादसा हुआ है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद अंचलाधिकारी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। पीड़ितों को सरकार की तरफ हरसंभव मदद देने की बात कही गई है। पीड़ित अजीत पासवान ने बताया कि मोहन पासवान के छोटे भाई अनिल पासवान की आज शादी होने वाली थी। शादी को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई थी, लेकिन हाई टेंशन तार में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से हादसा हो गया। शादी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड के टीम की मदद से घंटों बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुलतानगंज बाथ थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।

## दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

**मुंगेर (नि.सं.)**। तारापुर प्रखंड के अफजलनगर पंचायत के खुदिया गांव प्राथमिक विद्यालय के खरबा मैदान में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश, नेपाल और बिहार के कई जिलों के पहलवानों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के प्रथम दिन उतरप्रदेश और भागलपुर के पहलवानों बीच प्रतियोगिता किया गया। वही दूसरी टीम मुंगेर-बांका के बीच खेला गया। प्रथम दिन की प्रतियोगिता में उतरप्रदेश के बजरंगी सूरज और बांका जिला के सत्यम ललन विजेता रहे। प्रतियोगिता में पहले दिन भाग लेने वाले विजेता एवं उपविजेता को अखाड़ा समिति के संरक्षक शशि कुमार सुमन की ओर से लंगोट और चांदी का मेडल, नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। संरक्षक ने बताया की सिंघेश्वर पहलवान की याद में 72 वर्षो से हमलोग इस अखाड़े के आयोजन करते आ रहे है। वही इस दंगल प्रतियोगिता को देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहीं पहलवान मनीष बादल और जीवा ने बताया की वे 5 साल से इस दंगल प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे है।

## संपत्ति व पति से अनबन के सवालों में उलझा है अमृता का मामला

निज संवाददाता

**भागलपुर**। संपत्ति व पति से अनबन के बीच सवालों में भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडेय की मौत उलझ गई है। क्योंकि जिस तरह घटना के बाद परिवार के सदस्यों ने इसे छिपाने का प्रयास किया और अपनी बात किसी को नहीं बताया, यह संदिग्ध लगता है। इसके अलावा अमृता की मौत के कुछ घंटे बाद ही उसके मुंह के पास चींटियों का रेंगना भी सवाल खड़े कर रहा है। क्योंकि किसी की मौत के 10-12 घंटे बाद ही यह स्थिति बनती है, लेकिन इस मामले में जब पुलिस जांच को पहुंची तो चेहरे पर चींटियां रेंग रही थी। मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक मेडिसिन से रिटायर एचओडी डॉ. एके मल्लिक का कहना है कि किसी की भी मौत होने के बाद उसके शरीर व चेहरे के आसपास चींटी रेंगना स्वभाविक है, लेकिन मौत के 10 से 12 घंटे बाद ही ऐसा होता है। वहीं मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जब से ठाकुरबाड़ी की जमीन पर अपार्टमेंट का निर्माण हुआ है, ये लोग खुद को रिर्जव रखते थे। इसमें अभिनेत्री की चारों बहनों की हिस्सेदारी की बात सामने आ रही है। वहीं मोहल्ले में दिनभर सन्नाटा रहा। सूत्रों के अनुसार दिव्यधाम के एक फ्लैट करीब 55 लाख में बेचने को लेकर चार माह पूर्व बात चल रही थी, लेकिन 50 लाख में सौदा तय होने के बाद भी बिक्री नहीं हो सकी थी। घर में अभिनेत्री की मां समेत उनकी तीन बेटियों के अलावा नातिन भी रहती हैं। पर किसी ने कुछ नहीं बताया। दिव्य धाम अपार्टमेंट वाली गली में दिन भर सन्नाटा रहा। कालीबाड़ी के पास रहनेवाली एक दूसरी मॉडल की मां भी हादसे से सदमे में है। मॉडल ने रांची के रहनेवाले तनवीर अख्तर पर धर्म परिवर्तन, यौन शोषण समेत कई आरोप लगाकर मुंबई में मई 2023 में केस दर्ज कराया था। इस आरोप में तनवीर जेल में है। अभिनेत्री की मौत को अब उसके पति व तनवीर के बीच पूर्व के कनेक्शन से भी जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस तनवीर से भी पूछताछ कर सकती है। वहीं मॉडल के पिता ने बताया कि अमृता से उसका कोई संबंध नहीं है। पीएम रिपोर्ट दबाई जा रही इस हाई-प्रोफाइल मौत मामले में अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी दबाई जा रही है। जानकारी है कि एक बड़े अधिकारी ने पीएम हाउस से जुड़े डॉक्टर व हेल्थ वर्करों को भी हिदायत दी है कि किसी भी तरह से बात बाहर नहीं आनी चाहिए।

## करोड़ों की ठगी करने का मुख्य आरोपी राजीव सिंह गिरफ्तार

निज संवाददाता

**भागलपुर**। आखिरकार केएनजीसी फर्म के नाम पर फर्जी कम्पनी बना लगभग 350 से अधिक लोगों से लाख को करोड़ में बदलने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड राजीव कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह पुलिस हत्थे चढ़ ही गया। राजीव सिंह को सहायक खजांची थाना पुलिस ने जानकीनगर थाना के सहयोग से उसके पैतृक घर जानकीनगर के इटहरी गांव से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार राजीव पिछले 5 महीने से पुलिस को चकमा दे रहा था। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने सदर थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर करोड़ों रुपए ठगी करने का मुख्य आरोपी राजीव कुमार सिंह की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि मास्टरमाइंड राजीव कुमार सिंह की गिरफ्तारी के लिए पूर्णिया पुलिस पिछले 5 माह से लगी हुई थी। गुप्त सूचना मिलते ही सहायक खजांची थानाध्यक्ष शशि कुमार भगत ने जानकीनगर थानाध्यक्ष पुअनि संतोष कुमार झा से सम्पर्क किया। इसके बाद जानकीनगर थानाध्यक्ष ने बिना समय गंवाए पुलिस बलों के साथ इटहरी गांव और विनोवाग्राम मुख्य सड़क मार्ग में सादे लिबास में पहुंचकर राजीव कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जानकीनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि राजीव कुमार सिंह इतना शातिर है कि वह अपने आदमियों को चप्पे-चप्पे पर बिठाकर रखता है। उसने बताया कि अगर पुलिस एक मिनट की भी देरी करती तो राजीव सिंह आज भी पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता। उसने बताया कि अगर पुलिस राजीव सिंह के पैतृक घर इटहरी गांव जाती तो वहां से भी वह गुप्त गली से फरार हो जाता। इसलिए राजीव सिंह की गिरफ्तारी के लिए हमलोग जानकीनगर के विनोवा ग्राम स्थित बांसवाड़ी में सादे लिबास में बैठ गए, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। केएनजीसी फर्म के डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने पूर्णिया के साथ-साथ कटिहार, मधेपुरा, भागलपुर समेत अन्य जगहों के 350 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। राजीव सिंह जिन-जिन लोगों को अपनी कम्पनी केएनजीसी फर्म में जोड़ता था तो उसे भारत सरकार लिखा मुहर लगा हुए एक इनवेलप देता था और उसमें कुछ कागजात डाला रहता था। राजीव सिंह के जो लोग इनवेलप देने आते थे, उससे कहते थे कि इस इनवेलप को तब तक नहीं खोलना है, जब तक कम्पनी के डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह नहीं कहेंगे। अगर इस बीच इनवेलप खोला गया तो आपको एक भी रुपए नहीं दिया जाएगा। पीड़ितों ने बताया कि जब इनवेलप खोला गया तो उसमें भारत सरकार से जुड़े कुछ दस्तावेज जो अंग्रेजी में लिखे हुए थे, पड़े मिले थे। कुछ इनवेलप महालेखाकर केरल के कार्यालय तिरुवनंतपुरम का था। ये सब नकली दस्तावेज बताए जाते हैं। इटहरी गांव और विनोवाग्राम मुख्य सड़क मार्ग में सादे लिबास में पहुंचकर राजीव कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जानकीनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि राजीव कुमार सिंह इतना शातिर है कि वह अपने आदमियों को चप्पे-चप्पे पर बिठाकर रखता है। उसने बताया कि अगर पुलिस एक मिनट की भी देरी करती तो राजीव सिंह आज भी पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता। उसने बताया कि अगर पुलिस राजीव सिंह के पैतृक घर इटहरी गांव जाती तो वहां से भी वह गुप्त गली से फरार हो जाता। इसलिए राजीव सिंह की गिरफ्तारी के लिए हमलोग जानकीनगर के विनोवा ग्राम स्थित बांसवाड़ी में सादे लिबास में बैठ गए, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।

### जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी ने किया पदभार ग्रहण

**मुंगेर (नि.सं.)**। जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी ने अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने से पहले जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी ने विधिपूर्वक कार्यालय का पूजा अर्चना की।इसके बाद नारियल फोड़कर नारियल के पानी से कार्यालय का शुद्धिकरण किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यालय की पूजा अर्चना की। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष के साथ कई जिला परिषद सदस्य भी मौजूद थे। हालांकि पदभार ग्रहण करने के बाद आचार संहिता रहने के कारण जिप अध्यक्ष ने किसी तरह की कोई बयान नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि आज कार्यालय में पदभार ग्रहण करना था, जिस कारण पहले पूजा अर्चना की इसके बाद कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी पर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जिला परिषद सदस्य दुर्गेश सिंह, अनिल सिंह और पिंकी देवी के द्वारा डीएम के समक्ष आवेदन दिया गया था, जिसके बाद 22 अप्रैल को फिर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक हुई और इसमें फिर से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई।

## जेईई मेंस में 95% मार्क्स के साथ आर्यन अव्वल

निज संवाददाता



**भागलपुर**। लालुचक अंगारी स्तिथ भट्ठा रोड में किराए के मकान पर रह रहे है एक छात्र ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन यानी जेईई मेंस में सफलता पाई है। छात्र मूल रूप से मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर के रहने वाले हैं। रठैता पंचायत निवासी शैलेश पाठक के 17 वर्षीय पुत्र आर्यन हैं। 25 अप्रैल को जेई ने रिजल्ट जारी किया। जिसमें आर्यन अव्वल आए। आर्यन ने जेईई मेंस परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाया है और अब वह जेई एडवांस की तैयारी में जुट गए हैं। वह कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहते हैं जिसको लेकर वह काफी समय से तैयारी कर रहे थे। पिता उड़ीसा में बिजनेस करते हैं। वे मां-बहन के साथ रहकर पढ़ाई करते हैं। मां रूपम पाठक ने बताया कि बचपन से ही से पढ़ाई का काफी शौक है। आर्यन 15 से 16 घंटे की कड़ी मेहनत करता है। हालांकि उसकी बहन आकांक्षा झा ने भी पढ़ाई में उसे काफी सहयोग किया। आर्यन के परीक्षा में अव्वल आने से परिवार में काफी उत्साह का माहौल है। सभी परिवार वाले बधाई देने घर आ रहे हैं। मां की खुशियों का ठिकाना नहीं है। आर्यन ने बताया की संस्थान की तरफ से भी काफी सहयोग मिला। अब जेई एडवांस्ड की परीक्षा को लेकर तैयारी कर रहे हैं। आईआईटी में जाकर एक अच्छा कंप्यूटर इंजीनियर बनना है।

## अभिनेत्री अमृता पाण्डेय की मां के बयान पर केस दर्ज, रविवार को शव का हुआ पोस्टमार्टम

निज संवाददाता

**भागलपुर**। अभिनेत्री अमृता पांडे का मोबाइल जोगसर पुलिस ने जब्त किया है। मगर रविवार तक भी उसका लॉक नहीं खुल पाया। पुलिस को उम्मीद है की मोबाइल का लॉक खुलने से आत्महत्या से जुड़े कई पहलुओं से पर्दा हट सकता है। बता दें कि अमृता की मौत से करीब चार घंटे पहले स्टेटस लगाया था, जिसमें उसने लिखा था कि दो नाव पर सवार थी उसकी जिंदगी, हमने अपनी नाव डूबा के उसका सफर आसान कर दिया...। ऐसे में सवाल उठता है कि अमृता ने यह स्टेटस किसके लिए लगाया था। कहीं वैवाहिक जीवन में मचे उथल-पुथल को लेकर उसने यह स्टेटस तो नहीं लगाया था। मोबाइल का लॉक खुलने से यह भी जानकारी मिल सकती है कि उसने आखिरी कॉल या मैसेज किसको किया था। लव-जिहाद के आरोपी तनवीर से उसका क्या संबंध है। हालांकि अमृता के जीजा ने कहा कि अमृता का तनवीर से कोई संबंध नहीं था। परिजनों की ओर से बताया गया है कि डिप्रेशन की वजह से अभिनेत्री ने आत्महत्या की है। किसी तरह का आरोप उनकी ओर से नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य टेक्निकल जांच में कुछ संदिग्ध मिलने पर पुलिस हर बिंदू पर जांच करेगी। - अजय कुमार चौधरी, सिटी डीएसपी-1 क्राइम रिपोर्टर, भागलपुर पांच वर्ष से डिप्रेशन की दवाई खाने से भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे का वजन लगातार बढ़ रहा था। इस कारण अभिनय की दुनिया में उसको काम मिलने में मुश्किल आ रही थी। इसी कारण से उसने खुदकुशी कर ली। रविवार को परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया। शाम में बरारी घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। अमृता की मां मणिका पांडे के बयान पर जोगसर थाने में यूडी धारा में केस दर्ज किया गया।

रविवार की दोपहर अभिनेत्री का पति चंद्रमणि झांगरे भी मुंबई से भागलपुर पहुंचा। जोगसर

## 10 दिन से नगर निगम की मोटर खराब, पानी के लिए तहीमाम

निज संवाददाता



**भागलपुर**। के विभिन्न इलाकों में पानी का जल संकट बढ़ता जा रहा है। पानी का लहर लगातार नीचे जा रहा है। जरलाही मुसहरी टोला लेन में बीते 10 दिनों से मोटर खराब है। इससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर नगर निगम की ओर से मोटर तो लगाई गई है, लेकिन मोटर 15 दिनों से खराब है। इसको लेकर ग्रामीणों ने नगर निगम से लिखित शिकायत भी किया है। लिखित शिकायत में उन्होंने लिखा है कि जरलाही मुसहरी लेन में मोटर फेल हो गया है। इससे की जरलाही मुसहरी टोला में दर्जनों परिवारों को शुद्ध पेयजल के लिए करीब एक किलोमीटर तक भीषण गर्मी में जाना पड़ रहा है। हम लोगों का अति-आवश्यक कार्य नहीं हो रहा है। इसके कारण असुविधा हो रही है। नगर निगम से लोगों ने अपील किया है कि जल्द से जल्द मोटर सही करवा कर शुद्ध जल का हमलोगों को उपलब्ध करवाया जाए। स्थानीय ग्रामीण सोहन हरि ने बताया कि बीते 10 दिनों से यहां मोटर खराब है। इसको लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि वार्ड परिषद समेत कई अधिकारियों को शिकायत की गई। लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। पेयजल के लिए हमलोगों को काफी दूर जाना पड़ता है। इससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम होने के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया है। नल पंप से पानी नहीं निकल रहा है। नगर निगम की मोटर खराब है। लिखित शिकायत देने के बाद भी एक्शन नहीं लिया जा रहा है। हमलोग दो बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हम लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द मोटर ठीक करवाया जाए। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करवाई जाए, नहीं तो हमलोग पानी के बिना मर जाएंगे। एक दर्जन से अधिक परिवार को परेशानी हो रही है।

## बिजली का पोल गाड़ रहे शख्स की मौत, पसरा मताम

निज संवाददाता

**मुंगेर**। अंतर्गत हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के गंगटी परमानंदपुर गांव में बिजली पोल गाड़ने के दौरान बिजली का कंक्रीट पोल टूट कर काम कर रहे मजदूर पर गिर पड़ा। मजदूर की मौत हो गई। दरियापुर पहाड़पुर वार्ड नंबर 15 गांव निवासी पंकज कुमार बिजली पोल गाड़ने के कार्य को लेकर गंगटी परमानंदपुर गया था। बिजली का कंक्रीट पोल का एक हिस्सा टूटकर नीचे खड़े मजदूर पंकज कुमार पर आ गिरा। इसमें वह गंभीर रूप से जख्मी होकर छटपटाने लगा। जख्मी अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर लाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इधर, जिस वाहन से इसे भर्ती कराने अस्पताल लाया गया था, उसे जब जानकारी मिली कि पंकज की मौत हो गई है वह वाहन लेकर भाग निकला। इधर मृतक के घर घटना की सूचना पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शख्स की पिछले वर्ष ही शादी रतैठा में हुई थी। इसकी गर्भवती पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/आरडीएन/लोको, दिनांक 26.04.2024।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, तीसरी मंजिल, न्यू कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, हावड़ा - 711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार अधिकार के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई हैं। **कैटलॉग सं.: एचडब्ल्यूएच-आरडीएन-लोको। अनुक्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** इस प्रकार हैं: **एए/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसडी-79-24-2,** हावड़ा स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स) में गेट 3, 4, 5, 10, 11 और 12 पर मौजूदा टाइम टेबल बोर्ड (बैकलिट) की जगह तीन साल की अवधि के लिए 50:50 टाइम शेयरिंग के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के स्कोप के साथ डिजिटल टाइम टेबल बोर्ड की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए ठेका। **एए/2, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-ओएसडी-86-23-1,** बर्द्धमान स्टेशन के भीतर विभिन्न स्थानों पर तीन साल की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझाकरण के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 6 अदद वीडियों वाल्स के माध्यम से रेलवे सूचना एवं विज्ञापन के प्रदर्शन के अधिकार प्रदान करना। **एए/3, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसडी-94-23-1,** हावड़ा स्टेशन (पीएफ-9) पर पांच साल की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझाकरण के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के स्कोप के साथ डिजिटल पैसेंजर रिजर्वेशन चार्ट बोर्ड कियोस्क की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **एए/4, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसडी-92-23-1,** हावड़ा स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स) में मौजूदा गैर-डिजिटल टाइम टेबल बोर्ड (फ्लेक्स) की जगह पांच साल की अवधि के लिए 50:50 टाइम शेयरिंग के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के स्कोप के साथ 2 अदद डिजिटल टाइम टेबल बोर्ड की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव। स्थान - हावड़ा स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स) के उत्तरी कॉनकोर्स में गेट सं. 3, 4 और 5 तथा स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय के सामने भित्तिचित्रों के निकट। **एबी/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएल-ओएसएन-22-22-1,** बेलानगर स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकार का ठेका प्रदान करना। **एबी/2, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-ओएसएन-27-22-1,** बरुईपाड़ा स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का ठेका प्रदान करना। **एबी/3, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीएनएचएल-ओएसएन-35-22-1,** धनियाखाली हॉल्ट स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकार का ठेका प्रदान करना। **एबी/4, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केसीवाई-ओएसएन-52-22-1,** कैचर स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का ठेका प्रदान करना। **एबी/5, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-ओएसएन-25-22-1,** जनाई रोड स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का ठेका प्रदान करना। **एबी/6, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसकेजी-ओएसएन-44-22-1,** शक्तिगढ़ स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकार का ठेका प्रदान करना। **एबी/7, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जीआरएई-ओएसएन-38-23-1,** गुड़ाप स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का ठेका प्रदान करना। **एसी/1, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-95-23-1; एसी/2, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-96-23-1; एसी/3, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-97-23-1; एसी/4, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-98-23-1; एसी/5, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-99-23-1; एसी/6, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-100-23-1; एसी/7, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-101-23-1,** इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (डब्ल्यूएपी-4) की बाहरी सतह पर ब्रांडिंग (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करने के विज्ञापन अधिकार मूल रूप से 3 साल की अवधि के लिए हावड़ा मंडल (हावड़ा डीजल शेड डिपो) द्वारा बनाए रखा जाता है। **एसी/8, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-102-23-1; एसी/9, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-104-23-1; एसी/10, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-105-23-1; एसी/11, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-106-23-1; एसी/12, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-107-23-1; एसी/13, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-108-23-1; एसी/14, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-109-23-1; एसी/15, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-110-23-1; एसी/16, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-111-23-1; एसी/17, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-112-23-1; एसी/18, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-113-23-1; एसी/19, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-114-23-1; एसी/20, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-115-23-1; एसी/21, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-116-23-1; एसी/22, एडीवीटी-लोको-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-117-23-1;** इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (डब्ल्यूएजी-5) की बाहरी सतह पर ब्रांडिंग (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करने के विज्ञापन अधिकार मूल रूप से 3 साल की अवधि के लिए हावड़ा मंडल (बर्द्धमान डीजल शेड डिपो) द्वारा बनाए रखा जाता है। **नीलामी प्रारंभ होने की तारीख एवं समय:** 13.05.2024 को सुबह 11.00 बजे। **(HWH-38/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### इस लोस चुनाव से कई दशकों का भविष्य तय होगा : कांग्रेस

रांची, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस समय देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है। लोकसभा चुनाव ऐसे समय में हो रहा है, जहां से भारत का कई दशकों का भविष्य तय होगा ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे से भटका कर मुसलमान, मंगलसूत्र, मटन में उलझाना चाहते हैं। लेकिन, हमें यह तय करना है कि देश का विकास छद्म राष्ट्रवादी करेंगे या देशहित में निर्णय लेने वाले धर्मनिरपेक्षवादी। राजेश ठाकुर रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रांची में आयोजित आ अब लौट चलें अभियान कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान तृणमूल युवा कांग्रेस झारखंड के अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की ।ठाकुर ने कहा कि अगर देश को चंद पूंजीपतियों के हाथों में जाने से और संविधान-लोकतंत्र को बचाना है, तो भाजपा नेताओं के जुमलों से बचना होगा। यह काम इंडी गठबंधन बखूबी कर रहा है। इससे जनता में जागरूकता आ रही है। जिसका नजारा दो चरणों के लोकसभा चुनावों में नजर आ गया है। इस वजह से भाजपा में खलबली है। पीएम मोदी भी काफी बौखालहट में है। राजेश ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा से प्रभावित होकर प्रदेश युवा टीएमसी के अध्यक्ष सिंकू सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए। यह उनकी घर वापसी है ।वहीं, सिंकू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना भूल थी। अब भूल सुधार कर ली है। पूरी निष्ठा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रति है।

### अब नहीं होंगे बालासोर जैसे भीषण रेल हादसे! हाईटेक तकनीक से लैस होंगी ट्रेनें

जमशेदपुर, एजेंसी। देश भर में संचालित सभी लोकोमोटिव इंजन में कार्यरत लोको पायलटों पर अब रेलवे के अधिकारी क्रू वीडियो एंड वॉयस रिकॉर्डिंग सिस्टम (सीवीवीआरएस) की तीसरी आंख से नजर रखेंगे, जो पूरी तरह से हवाई जहाज में लगने वाले ब्लैक बॉक्स की तरह ही होगा। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इस सिस्टम के तहत इंजन चलाने के दौरान रेलवे 24 घंटे अपने लोको ड्राइवरों की कार्यप्रणाली पर नजर रखेगी, उनकी बातों को भी सुनेगी। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा तैयार ये सिस्टम लोकोमोटिव में ट्रैक साइड या छत की ओर लगाया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने अपने आदेश में सभी जोनल रेलवे व प्रोडक्शन यूनिट को इस संबंध में पहल करने का निर्देश दिया है। आदेश के तहत पहले चरण में 5000 क्रू वीडियो एंड वॉयस रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाने को कहा गया है। सूत्रों की माने तो यह सिस्टम हवाई जहाज में लगे ब्लैक बॉक्स की तरह काम करेगा। दुर्घटना होने की स्थिति सीवीवीआरएस सिस्टम घटना से पहले की पूरी जानकारी देगा कि संबधित ट्रेन के चालक ने दुर्घटना से पहले किस स्थिति में थे और दुर्घटना रोकने पर किस तरह की पहल कर रहे थे। देश भर में संचालित इंजन में लगने वाले सीवीवीआरएस सिस्टम को लेकर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने विरोध शुरू कर दिया है। एसोसिएशन के नेताओं का कहना है कि इस सिस्टम के लगने से कर्मचारियों पर मानसिक दबाव बढ़ जाएगा। एसोसियेशन का कहना है कि एक तो पहले से ही अधिकतर लोको ड्राइवर 12 से 14 घंटे की ड्यूटी करते हैं। ये व्यवस्था प्रभावी होने के बाद लोको ड्राइवर ड्यूटी के दौरान लोको से उतरने, कहीं शौच जाने, सिग्नल नहीं होने पर इंजन से उतरने या ट्रेन चलते समय अपनी सीट पर बैठने व टिफिन खाने पर भी रोक रहेगी। क्योंकि जिन जोन या मंडल में ये सिस्टम लग चुका है। वहां लोको पायलटों को इन्हीं सब कारणों से शोकॉज किया जा चुका है।

### युवाओं के रोजगार के लिए बनाए गए मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का मकसद रह गया अधूरा

रांची, एजेंसी। पतरातू में जिला परिषद मद से निर्मित मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स की स्थिति जर्जर होती जा रही है। क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए इसका निर्माण कराया गया था, लेकिन दुकानों का आवंटन होने के बावजूद यहां दुकानें नहीं खुल सकीं। इस परिसर में कुल 17 दुकानों का आवंटन जिला प्रशासन द्वारा पूरी प्रक्रिया के तहत किया गया था, लेकिन शुरुआती दौर में ही भवन की असलियत उजागर हो गई। छत पर बरसाती पानी भरने लगा। दुकानदारों को बिजली की सुविधा नहीं मिली। दुकान के लोकेशन को लेकर विवाद खड़ा हो गया। बाउंड्री ठीक नहीं होने के कारण कई दुकानदार सुरक्षा को लेकर बाउंड्री की मांग करने लगे। अन्य कई तकनीकी कारण सामने आ गए। 22 जनवरी 2020 को जिला परिषद के इस मार्केटिंग परिसर का उद्घाटन किया गया था। इसके बाद से अब तक यहां एक भी दुकान नहीं खुल पाई। काफी बड़ी रकम खर्च कर बनाए गए इस भवन के मूकदर्शक बने रहने से सरकार को रेवेन्यू की भी क्षति को रही है। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बनाया गया यह मार्केटिंग परिसर अपने मकसद को पूरा करने में सफल नहीं हो सका, जो इस क्षेत्र के लिए चर्चा का विषय बनता जा रहा है। इसमें जिला परिषद और प्रशासन की असफलता उजागर हो रही है। जिला परिषद मद से निर्मित दुकानों की बंदोबस्ती तीन वर्षों के लिए की गई थी। प्रत्येक दुकान के स्क्वायर फीट के अनुसार इसका भाड़ा तय किया गया था, यहां स्क्वायर फीट के अनुसार न्यूनतम दर 1360 रुपए मासिक और अधिकतम दर 2700 रुपए मासिक निर्धारित की गई थी। इसके अलावा अन्य दुकानों का स्क्वायर फीट के अनुसार भाड़ा तय किया गया था, लेकिन दुकान आवंटन के उपरांत सुविधा नहीं मिलने के कारण दुकानदारों ने जिला प्रशासन से भाड़ा की राशि नहीं लेने का आग्रह किया था।

# प्रदेश में दो समुदायों के पास है सत्ता की चाबी, 11 सीटों पर प्रभाव, साधने में जुटे सभी नेता



रांची, एजेंसी। झारखंड में आदिवासी के बाद कुर्मी-महतो दूसरा बड़ा वोटबैंक है। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में 11 पर इनका प्रभाव है। पांच सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं, जबकि छह पर कुर्मी मतदाता प्रत्याशियों की जीत-हार तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। आदिवासी और कुर्मी कार्ड से लोकसभा चुनाव का गणित बनता-बिगड़ता रहा है।

राजनीतिक गलियारे में चर्चा होती रहती है कि झारखंड में सत्ता की चाबी क्श्बल एमक्र यानी महतो (कुर्मी) और मांझी (आदिवासी) मतदाताओं के पास है। राज्य की आबादी में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी इन्हीं दोनों की है। आदिवासी 27 प्रतिशत और कुर्मी 25 प्रतिशत हैं। भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, आजसू समेत तमाम दलों में इनके संगठनों की पूछ बढ़ गई है। आईएनडीआईए और राजग दोनों खेमा इन्हें आकर्षित करने में लगे हैं। आदिवासी वोटों को साधने के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत तमाम नेता रणनीतिक तरीके से जुटे हैं। झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को अपने खेमे में कर भाजपा उनके माध्यम से भी आदिवासियों में पैठ बढ़ा रही है। अटल बिहारी वाजपेयी से नरेन्द्र मोदी तक भाजपानीत सरकार की ओर से आदिवासियों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का प्रचार-प्रसार भी जोर-शोर से किया जा रहा है।

कुर्मी मतों को साधने के लिए भाजपा ने क्षेत्रीय दल आजसू से गठबंधन किया है। पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो भाजपा के प्रमुख नेताओं के कार्यक्रमों में साथ-साथ चल रहे हैं। गठबंधन में गिरिडीह सीट भाजपा ने आजसू को दी है। पिछली बार यहां से सांसद बने चंद्रप्रकाश चौधरी इस बार भी कुर्मी बहुल गिरिडीह से आजसू (राजग) के प्रत्याशी हैं। उनके मुकाबले झामुमो ने यहां कुर्मी समाज के विधायक मथुरा महतो को उतारा है। स्थानीय नीति को लेकर आंदोलन कर उभरे कुर्मी समाज के नए नेता जयराम महतो भी इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के जमशेदपुर प्रत्याशी विद्युत वरण महतो भी कुर्मी समाज से हैं।

आईएनडीआईए के प्रमुख घटक झामुमो और कांग्रेस ने भी आदिवासी व कुर्मी वोटबैंक पर फोकस बढ़ा दिया है। झामुमो के तमाम बड़े नेता संदेश देने की कोशिश कर रहे कि भाजपा आदिवासी हितैषी नहीं है। हेमंत सोरेन को जेल में इसीलिए डाला गया, क्योंकि उन्हें आदिवासी मुख्यमंत्री पच नहीं रहा था। केंद्र सरकार की ओर से लागू वनाधिकार कानून की खामियां और खनिजों की रायल्टी नहीं दिए जाने के मुद्दे भी उठाए जा रहे हैं।झामुमोनीत राज्य सरकार द्वारा आदिवासी हित के कार्यों को गिनाया जा रहा है। कांग्रेस और झामुमो दोनों कुर्मियों को साधने के लिए ओबीसी आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने का भी मुद्दा उठा रहे हैं। कुर्मी यहां ओबीसी में शामिल हैं। झामुमो से भाजपा में आए कुर्मी विधायक जयप्रकाश पटेल को भाजपा ने विस में पार्टी का सचेतक बनाया था। हालांकि, वह पाला बदलकर कांग्रेस में चले गए और हजारीबाग से चुनाव लड़ रहे हैं। झारखंड में गिरिडीह, हजारीबाग, रांची, धनबाद व जमशेदपुर में कुर्मी मतदाताओं का वोट परिणाम को प्रभावित करता है।

कुर्मी को आदिवासी बनाने का मुद्दा भी अहम कुर्मी को आदिवासी का दर्जा देकर अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग झारखंड, बंगाल और ओडिशा की उन सीटों पर अहम साबित हो सकती है, जहां कुर्मी की अच्छी संख्या है। कुर्मी उक्त राज्यों में पिछड़ी जाति की सूची में दर्ज हैं। कुर्मी संगठन आदिवासी बनाने की मांग को लेकर झारखंड, बंगाल व ओडिशा में उग्र आंदोलन करते रहे हैं। सभी दल इनका समर्थन करते हैं, लेकिन इनकी मांग पर ज्यादा जोर देने का खतरा भी राजनीतिक दलों को सताता है, क्योंकि यह मांग माने जाने से आदिवासी नाराज हो सकते हैं।

## सरकारी घर में फंदे से लटकी मिली बीडीओ की लाश, दो दिन पहले लगा था आरोप

रांची , एजेंसी। झारखंड के बिशुनपुरा के बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा ने शनिवार को अपने सरकारी आवास की कुंडी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे जेपीएससी 2010 बैच के अधिकारी थे। 48 साल के हीरक मन्ना का पैतृक घर सिमडेगा में है। रांची के हटिया सिंहमोड़ स्थित अनीश अपार्टमेंट में उनकी पत्नी और 14 वर्षीय बेटा रहते हैं। पुलिस ने बताया कि देर रात करीब 1.30 बजे पत्नी समेत अन्य परिजन बिशुनपुरा पहुंचे, तब आवास का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा गया। इस दौरान एसडीओ, डीएसपी समेत इंस्पेक्टर जांच में जुटे थे।

बिशुनपुरा के बीडीओ हीरक पर दो दिन पहले राजस्वकर्मी जितेंद्र कुमार ने मारपीट का आरोप लगाया था। डीसी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। श्रीबंशीधर नगर के एसडीओ ने इस मामले की जांच भी की थी। बीडीओ ने इस आरोप को निराधार बताया था।

यह खबर सुनते ही लोग हतप्रभ रह गए। सूचना पाकर लोग बीडीओ के आवासीय परिसर पहुंचे। उधर, बीडीओ के आत्महत्या करने की खबर पाकर डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंचे। मालूम हो कि बीडीओ मन्ना बिशुनपुरा प्रखंड में नवंबर 2021 में योगदान दिया था। मूलतः सिमडेगा के रहने वाले बीडीओ मन्ना का रांची में सिंह मोड़ पर भी आवास था। योगदान के बाद प्रखंड परिसर स्थित आवासीय परिसर में वह अकेले रहते थे। पत्नी ज्योति खलखो हाईस्कूल की शिक्षिका बतायी जाती हैं। बेटा 14 वर्षीय रेक्स केरकेट्टा रांची में मां के साथ रहकर स्कूल में पढ़ाई करता है।

जानकारी के अनुसार, बीडीओ हीरक मन्ना शनिवार को ऑफिस नहीं गए थे। इस कारण दिन के करीब तीन बजे कुछ कर्मचारी कुछ दस्तावेज पर हस्ताक्षर कराने उनके आवास पर पहुंचे। दरवाजा बंद देखा तो कई बार आवाज लगाई, लेकिन दूसरी ओर से कोई आवाज नहीं आई तो कर्मचारियों को शक हुआ। उन लोगों ने इसकी जानकारी सीओ संदीप मधेशिया को फोन कर दी। सीओ की सूचना पर थाना प्रभारी राहुल सिंह दलबल के साथ बीडीओ आवास पहुंचे।

## अमन साहू के गुर्गे मयंक सिंह की तलाश में राजस्थान पहुंची झारखंड एटीएस, घर पर चिपकाया इश्तेहार



रांची, एजेंसी। जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन साहू के गुर्गे और उसके रंगदारी का कारोबार देखने वाला मयंक सिंह न तो झारखंड पुलिस के हाथ आ रहा है और न ही आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) झारखंड उसे ढूंढ़ पा रहा है। अब एटीएस ने राजस्थान स्थित उसके घर पर फरारी का इश्तेहार चिपकाया।

एटीएस की टीम शनिवार को राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के मंडी थाना क्षेत्र स्थित घड़साना गांव में मयंक सिंह के घर पहुंची। ढोल-नगाड़ा बजाकर गांववालों को बताया कि मयंक फरार है। उसकी तलाश में टीम यहां पहुंची है। फिर उसके घर पर फरारी का इश्तेहार चिपकाया। एटीएस के साथ राजस्थान की स्थानीय थाने की पुलिस भी थी। एटीएस ने दावा किया कि मयंक सिंह का असली नाम सुनील कुमार मीणा है। एटीएस को यह भी जानकारी मिली है कि वह मलेशिया में रहकर झारखंड के कोयला कारोबारियों और व्यवसायियों को अमन साहू के नाम पर धमकी देता है। फिर उन्हें डरा-धमका कर उनसे रंगदारी व लेवी वसूलता है। अमन साहू और मयंक सिंह के खिलाफ झारखंड के अलग-अलग थानों में 166 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं।

राजस्थान में मयंक सिंह के रिश्तेदारों का आलीशान मकान है। एटीएस अब उसकी अचल संपत्ति के बारे में जानकारी जुटा रहा है कि कहीं उसने रंगदारी और लेवी के पैसे को अपने गांव में तो निवेश नहीं किया। झारखंड एटीएस अब उसके गांव सहित अन्य रिश्तेदारों के बारे में भी राजस्थान पुलिस की मदद से पता कर रही है। मयंक सिंह तकनीकी तौर पर काफी दक्ष अपराधी है, इसी का फायदा उठा कर वह अमन साहू के कहने पर कारोबारियों से इंटरनेट कॉल के जरिये रंगदारी मांगता है।

# कोयला चोरों के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, सात गिरफ्तार; 23 बाइक जब्त



धनबाद, एजेंसी। लोकसभा चुनाव से पूर्व पुलिस जिले में हरेक अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। रविवार की सुबह-सुबह जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अवैध कोयला चोरी को लेकर स्पेशल ड्राइव चलाया, जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्र से तकरीबन आधा दर्जन लोग बाइक, स्कूटर से कोयला चोरी कर ले जाते गिरफ्तार किए गए।

पुलिस ने दर्जनों बाइक भी जब्त किए। साथ ही कोयला चोर व उसके सिडिंकेट के लोगों खिलाफ विभिन्न थानों में प्राथिमकी की है। सरायढेला में भागे कोयला चोर, बैंक मोड़ से एक गिरफ्तार अभियान के दौरान सरायढेला में पुलिस को देख बाइक सवार कोयला व बाइक छोड़कर भाग निकले।

वहीं, बैंकमोड़ इलाके में पुलिस ने धैया निवासी राजू कुमार को कोयला लदे बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी बाइक में चार बोरा कोयला लोड था।

वहीं पुलिस ने धैया खटाल के पास से एक पिकअप वाहन जब्त किया है, जिसमें तकरीबन चार-पांच टन कोयला लोड था। पुलिस ने यहां से पिकअप वाहन के साथ बिजेंद्र यादव व गणेश यादव को गिरफ्तार है। वहीं, चालक व खलासी भागने में सफल रहे। पुलिस को शक है कि यही दोनों कोयले का कारोबार करते हैं।

धनसार थाने की पुलिस ने रविवार को नई दिल्ली निवासी शंकर कुमार महतो व जोड़ाफाटक के मो. शमीम को कोयला लदे बाइक सहित गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य चोर बाइक छोड़कर भाग निकले।

पुलिस ने यहां से पांच बाइक जब्त कही है। केंदुआ में दो गिरफ्तार, पांच बाइक जब्त केंदुआडीह पुलिस ने रविवार सुबह मटकुरिया चेकपोस्ट के समीप अवैध कोयला ले जाते दो बाइक सवार काजल मंडल और अंकुर गोराई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने यहां से पांच बाइक व उसमें लोड 20 बोरा कोयला जब्त किया है।

वहीं, तीन कोयला चोर भागने में सफल रहे। जेल गया काजल मंडल पूर्वी टुंडी के रामपुर कोपली गांव का व अंकुर गोराई गोबिंदपुर के पथरिया गांव का निवासी है। कतरास, तिसरा में भागे कोयला चोर कतरास थाने की पुलिस ने भी पांच बाइक जब्त की है। इसमें तकरीबन एक टन कोयला था। हालांकि, यहां से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सभी कोयला चोर वाहन छोड़ भाग गए।

इसी तरह तिसरा व रामकनाली में कोयला लदा एक-एक बाइक जब्त किया गया है।

## जेल में बंद हेमंत सोरेन से लेकर बागी नेता चमरा लिंडा तक, झामुमो के स्टार प्रचारकों में शामिल



रांची, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्टार प्रचारकों में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन समेत 40 नेता होंगे। पार्टी ने बीते एक अप्रैल को ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची भेज दी है। इसमें कहा गया है कि पार्टी के मुख्य चुनाव प्रचारक के रूप में पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं असम लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे। उनके साथ पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य नेता भी शामिल रहेंगे।

जेल में बंद हेमंत सोरेन से लेकर बागी नेता चमरा लिंडा तक

हालांकि हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं। पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि हेमंत के बेल का प्रयास चल रहा है, इसलिए उनका नाम स्टार प्रचारकों की सूची में है। इस सूची में बागी नेता चमरा लिंडा भी हैं। हालांकि यह सूची चुनाव आयोग को उनके बागी होने के पूर्व भेजी गई थी। बता दें कि चमरा लिंडा लोहरदगा सीट से निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे हैं। बगावत के बाद चमरा ने बताया कि उन्होंने पार्टी से दो साल पहले बता दिया था कि टिकट मिले या न मिले वह लोहरदगा से चुनाव लड़ेंगे और भाजपा को हराएंगे।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, विनोद कुमार पांडे, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, मिथिलेश कुमार ठाकुर, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटू, नंदकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहंती, विजय हांसदा, महुआ माजी, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी और हेमलाल मुर्मू।

## रोजगार विरोधी भाजपा को सत्ता से बेदखल करें: महागठबंधन



धनबाद, एजेंसी। धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को जगह-जगह जनसंपर्क अभियान चलाया। लोगों से कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील की। अनुपमा के समर्थन में बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने भी जनसंपर्क अभियान चलाया।

बलियापुर अंचल कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को महागठबंधन दलों की बैठक इदु अंसारी की अध्यक्षता में हुई। वक्ताओं ने रोजगार विरोधी भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान लोगों से किया। जनता चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। धनबाद लोकसभा क्षेत्र की महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। चुनावी रणनीतियों पर चर्चा हुइ। भाकपा माले के मजीद खान, कांग्रेस के मधुसुदन मोदक, कुर्बान अंसारी, शेख तालीम, बुद्धदेव महतो, नुरुद्दीन, झामुमो के पूर्व मुखिया समीर कुमार मुर्मू, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र किस्कू, प्रखंड अध्यक्ष सुरजकांत सोरेन, हैदरअली, अब्दुल कादिर, इश्वर मरांडी, गोउर मंडल, राजद के प्रकाश महतो, रीना वाउरी, खैरून निशां आदि मौके पर थे।

अनुपमा का निरसा के बेलडांगा मे मुखिया अपर्णा देवी के आवास पर शनिवार को स्वागत किया गया। झामुमो जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, संयुक्त सचिव तपन तिवारी, कलियासोल प्रखंड के मुखिया शमीम अंसारी, नौशाद अंसारी, राकेश मुर्मू, रमेश गोप, हरिपद टुडू, हेमलाल मुर्मू, शीला मुर्मू समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। निरसा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चला कर अपने पक्ष मे मतदान करने का अपील की।

गोविंदपुर में बेरमो विधायक अनूप सिंह ने जिप सदस्य नाजिश रहमानी एवं झामुमो के जिला संगठन सचिव एजाज अहमद के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने महागंठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर प्रचार अभियान में जुट जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की जीत तय है और अब सभी कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेवारियों का निर्वाह करना होगा। मौके पर 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव सिंह, नवीन सिंह, माथुर अंसारी, सत्येंद्र मिश्रा, ईश्वर किस्कू, लेबा मरांडी, अजय मालाकार, प्रेम, अली अख्तर, अयूब अंसारी, इरशाद अंसारी, सलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

# गांडेय उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन ने किया नॉमिनेशन, सीएम चंपाई सोरेन समेत महागठबंधन के कई नेता साथ



रांची, एजेंसी। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन की बहू कल्पना सोरेन आज गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन कर दिया है। उनके साथ सीएम चंपई सोरेन, मंत्री बादल पत्रलेख, मिथिलेश ठाकुर, आलमगिर आलम, सत्यानंद भोक्ता, माले विधायक विनोद सिंह, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद भी मौजूद रहें।

बता दें कि एनडीए की ओर से यहां बीजेपी ने दिलीप वर्मा को कैंडिडेट बनाया है। यहां 20 मई को लोकसभा के पांचवे चरण के साथ-साथ उपचुनाव के लिए भी मतदान होगा। नॉमेनेशन से पहले रविवार को मोरहाबादी स्थित आवास पर जाकर उन्होंने पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन और सास रूपी सोरेन से मुलाकात की। उनके पांव छुए और आशीर्वाद लिया।

नामांकन के बाद कल्पना सोरेन जनसभा में शामिल होंगी। जनसभा में भी सीएम चंपाई सोरेन, बसंत सोरेन मौजूद रहेंगे। जनसभा पपरवाटांड़ फुटबॉल मैदान में होगी। इस सभा को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन समेत गठबंधन के कई नेता संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में जेएमएम के नेता के अतिरिक्त इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता के शामिल होंगे।

गांडेय विधानसभा को लेकर निर्धारित कार्यक्रम के तहत 29 को नामांकन से पहले धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन निर्धारित था, लेकिन उनके चाचा ससुर के निधन की वजह से इन कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है। 29 अप्रैल को कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र के गांडेय और बेंगाबाद में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद 30 अप्रैल को गांडेय विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगी।

गौरतलब है कि 31 दिसंबर 2023 को सरफराज अहमद के इस्तीफा देने के बाद गांडेय सीट खाली हुई थी। भाजपा ने यहां दिलीप वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस उपचुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई निर्धारित है। यहां 20 मई को मतदान होगा।झारखंड के लोकसभा चुनाव के शोर में गांडेय के हाई प्रोफाइल विधानसभा उपचुनाव की चर्चा कहीं दब गई है। गांडेय में उपचुनाव हो रहा है। आज कल्पना सोरेन चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगी। सवाल है कि इस सीट पर कल्पना सोरेन की जीत आसान होगी या मुश्किल गांडेय की जीत के लिए सियासी रणनीति क्या होगी चुनावी राजनीति तक कैसे पहुंचीं कल्पना, अब तक क्या हुआ है कल्पना के लिए गांडेय सीट ही क्यों चुनी गई कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने के पीछे की रणनीति क्या है।

## ट्रॉमा में ब्रेन इंज्युरी के ज्यादा मामले, न्यूरोसर्जरी की भूमिका अहम : विशेषज्ञ

रांची, एजेंसी। ऑर्किड अस्पताल द्वारा रविवार को शहर के एक होटल में राष्ट्रीय स्तर के कॉन्फ्रेंस क्रिटिकॉन-4.0 का आयोजन किया गया। इसमें न सिर्फ चिकित्सा क्षेत्र में आए एडवांसमेंट पर चर्चा की गई, बल्कि गंभीर स्थिति में मरीज अस्पताल पहुंचे तो उसकी जान कैसे बचाई जाए, इस पर भी चर्चा की गई। सत्र के दौरान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ ऐंड न्यूरोसाइंसेज़, बैंगलोर की कुलपति डॉ. डी. इंडिरा देवी ने न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में आ रहे एडवांसमेंट की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ट्रॉमा और क्रिटिकल मामलों में भी न्यूरोसर्जरी की अहम भूमिका है, क्योंकि अस्पताल में ट्रॉमा के ज्यादातर मामले ब्रेन इंज्युरी लेकर अस्पताल पहुंचते हैं। इन्हें तत्काल सर्जरी की भी जरूरत पड़ती है, अगर थोड़ी भी देर की गई तो जान भी जा सकती है। डॉ. डी. इंदिरा देवी ने कहा कि हर दिन इमरजेंसी में करीब 120 न्यूरोसर्जरी के मामले पहुंचते हैं, इसमें 80 के करीब मामले सड़क दुर्घटना के कारण होती है। उन्होंने कहा कि हैरान करने वाली बात है कि इन 80 मामलों में हम कोशिश करने के बाद भी 30-35 रोगियों को बचा नहीं पाते हैं।

डॉ. राकेश वर्मा ने हार्ट फेल्योर टॉपिक पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि दो तरह के रोगियों में हार्ट फेल्योर के मामले देखने को मिलते हैं, पहला सडन हार्ट फेल्योर और दूसरा लंबे समय से हार्ट की समस्या के कारण। अगर समय पर इलाज शुरू कर हार्ट फेल्योर का कारण पता लगाया जा सके तो उसे ठीक किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम स्टालिन ने गुकेश को किया सम्मानित, 75 लाख रुपये का दिया इनाम



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन ने रविवार को राज्य के युवा प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश को सम्मानित किया, जो फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के युवा विजेता बने हैं और उन्हें 75 लाख रुपये का चेक, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल भी भेंट किया।

इस दौरान गुकेश के पिता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत, माता माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पद्मावती और राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन और अन्य भी मौजूद थे, जो सीएम के कैंप कार्यालय में आयोजित किया गया था । कनाडा में टूर्नामेंट में जाने से पहले तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को 15 लाख रुपये दिए थे। युवा शतरंज सनसनी विश्व चैम्पियनशिप में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे ।

टूर्नामेंट का स्थान और समय अभी तय नहीं हुआ है लेकिन यह इस साल की आखिरी महीनों में आयोजित होने वाला है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव देव पटेल पहले ही कह चुके हैं कि भारत विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए बोली लगाएगा।

### इंटर मियामी की जीत में मेसी ने दागे दो गोल, न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को 4-1 से दी शिकस्त



**मैसाचुसेट्स (अमेरिका), एजेंसी।** विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे। इंटर मियामी के सुपरस्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के मुकाबले में न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने अपनी फुटबाल टीम इंटर मियामी को 4-1 से जीत दिला दी।

विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे।

मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी, लेकिन मेसी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची (83वें मिनट) और मेसी के दोस्त लुईस सुआरेज (88वें मिनट) ने दागे। सुआरेज के गोल में मेसी ने मदद भी की।

**निशानेबाजी में 21 वां कोटा स्थान हासिल किया**

# माहेश्वरी ने रजत पदक जीता




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की माहेश्वरी चौहान ने दोहा में लुसैल शूटिंग रेंज में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप शॉटगन के समापन दिन महिला स्कीट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और इसके साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शूटिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए 21वां कोटा स्थान हासिल किया।

60 शॉट के फाइनल में 54 हिट पर बराबरी पर रहने के बाद माहेश्वरी स्वर्ण पदक के शूट-ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड से 3-4 से हार गईं। यह एक शानदार प्रदर्शन था क्योंकि यह जालोर की निशानेबाज के लिए पहला आईएसएसएफ फाइनल था। उनके प्रदर्शन ने भारत को महिलाओं की स्कीट में दूसरा पेरिस कोटा स्थान भी दिलाया। माहेश्वरी ने फाइनल के बाद कहा,मैं रोमांचित हूं। यहां तक पहुंचने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी मेहनत करनी पड़ी है।

मैं शूट-ऑफ को लेकर थोड़ा निराश हूं, लेकिन कुल मिलाकर, यह बहुत संतोषजनक रहा। दिन की शुरुआत भारतीय खिलाड़ी के क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहने के साथ हुई, लेकिन अंतिम राउंड में 23 के स्कोर का मतलब था कि वह चौथे स्थान पर रहते हुए शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी। हालाँकि, उनके 121 अंकों ने उन्हें नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड प्रदान किया। यह देखते हुए कि चाडिड ने पहले ही प्रतियोगिताओं में कोटा स्थान हासिल कर लिया था और चीन की जियांग यितिंग, छठी क्वालीफायर, अयोग्य थी क्योंकि उनके देश ने पहले ही प्रतियोगिता में अपने कोटा समाप्त कर दिए थे, माहेश्वरी की लड़ाई तीन अन्य लोगों (कजाकिस्तान की असेम ओरीबे, अजरबैजान की रिगिना मेफताखेतदीनोवा और शीर्ष क्वालीफायर स्वीडन की विक्टोरिया लार्सन) के साथ थी। पहले एलिमिनेशन चरण में (20 शॉट के बाद), भारतीय दो निशाने चूकने के कारण चाडिड के बाद दूसरे स्थान पर थी। कजाख ओरिनबे पहले 20 लक्ष्यों में पांच चूक के साथ बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थे।

कोटा की पुष्टि तब हुई जब रिगिना 30 में से पांच शॉट चूक गई और अगले मैच से बाहर हो गई। स्वीडन की विक्टोरिया अन्य उपलब्ध कोटा का दावा करेगी। इससे शायद माहेश्वरी की घबराहट शांत हो गई और जैसे-जैसे फाइनल आगे बढ़ा, वह मजबूत होती गई और 50 शॉट्स के बाद लीडर के पास पहुंच गई। दोनों उस चरण में पांच से चूक गए थे। माहेश्वरी के पास तब स्वर्ण जीतने के तीन मौके थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और वह तीसरे शूट-ऑफ राउंड में चाडिड को स्वर्ण दिलाने के अपने डबल से पूरी तरह चूक गईं।

## तीरंदाज दीपिका फिर टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर से शामिल करने का फैसला किया है। यह निर्णय पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखकर लिया गया है। मातृत्व अवकाश के बाद एक्शन में लौट रहीं दीपिका ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में एशिया कप 2024 में पदक भी जीता था।

रविवार को 29 वर्षीय तीरंदाज ने मुकाबले में दुनिया की दूसरे नंबर की कोरियाई लिम सिह-योन से हारने के बाद 2024 तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा रजत पदक के साथ समाप्त किया। दीपिका के अलावा, तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है, जबकि प्रवीण जाधव डेवलपमेंट से कोर ग्रुप में आ गए हैं। अपनी 133वीं बैठक के दौरान, एमओसी ने स्क्वैश खिलाड़ियों अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में मदद करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया।

मंत्रालय के बयान में बताया गया, पिछले दो दशकों में स्क्वैश में भारत के प्रदर्शन को देखते हुए विशेष रूप से राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में एमओसी ने अपने टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में तीन स्क्वैश खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला किया, जिसका उद्देश्य उन्हें वैश्विक तैयारी के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने में मदद करना है।

**Uber cup**

## भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई चैंपियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी। भारत ने इसके बाद दूसरे मैच में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले ही मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिए।

इशारानी बरुआ और अनमोल खरब के चमकदार प्रदर्शन से भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने रविवार को ग्रुप-ए के दूसरे मुकाबले में सिंगापुर को 4-1 से हराकर उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई चैंपियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी। भारत ने इसके बाद दूसरे मैच में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले ही मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिए। शीर्ष खिलाड़ियो की अनुपस्थिति में खेल रही युवा और कम अनुभवी भारतीय टीम के लिए यह शानदार सप्ताह रहा।

खिलाड़ियों ने बड़े मंच पर कौशल और गजब का जज्बा दिखाते हुए पहले दो मुकाबले जीत लिए। चीन ने ग्रुप-ए के अन्य मुकाबले में कनाडा को 3-0 से शिकस्त दी और यह नतीजा भारत के लिए क्वार्टर फाइनल में स्थान पक्का करने के लिए काफी था। दो जीत से भारत अब ग्रुप-ए में चीन की पीछे दूसरे स्थान पर काबिज है। दोनों टीमों मंगलवार को अंतिम ग्रुप मैच में एक दूसरे से भिड़ेंगी जिससे शीर्ष स्थान का फैसला होगा।

### भारत ने की बेहतरीन वापसी

चालिहा ने शनिवार को कनाडा की मिचेल ली को हराकर उलटफेर किया था, लेकिन वह दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी यिओ जिया मिन से 15-21, 18-21 से हार गईं। हालांकि, राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की 67वीं रैंकिंग की जोड़ी ने पहले महिला डबल्स में जियाओ एन हेंग और जिन यु जिया पर 21-15, 21-16 से जीत दर्ज कर भारत की वापसी कराई। इशारानी ने दूसरे सिंगल्स मैच में इनसिराह खान को 21-13, 21-16 से मात देकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की 64वीं रैंकिंग की जोड़ी ने यि टिंग एल्सा लाई और जान मिचेल की जोड़ी को 21-8, 21-11 से शिकस्त देकर भारत को 3-1 की अजेय बढ़त दिलाई। इसके बाद उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी अनमोल ने तीसरे सिंगल्स मुकाबले में लि जिन मेगान को 21-15, 21-13 से हराकर भारत की 4-1 से जीत शुनिश्चित की। भारत ने उबेर कप में तीन बार 1957, 2014 और 2016 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## नाडा पैनल से हरी झंडी मिलने के बाद इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी हिमा दास




**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी। भारत की स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी।

एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। पिछले साल नाडा ने 12 महीने में तीन दफा अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में विफलता के बाद 24 वर्षीय हिमा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले इंडियन ग्रां प्री 1 की महिलाओं की 200 मीटर रेस की प्रविष्टि सूची में हिमा का नाम शामिल है। भारतीय एथलेटिक्स टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर कहा, पिछले महीने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल की सुनवाई में उन्हें प्रतियोगित में हिस्सेदारी के लिए हरी झंडी मिल गयी।

हालांकि सूत्र ने यह नहीं बताया कि नाडा के पैनल ने उन्हें फिर से प्रतिस्पर्धा करने की मंजूरी कैसे दी। हिमा ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 400 मीटर का व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। वह जकार्ता में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और रजत पदक जीतने वाली मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी का हिस्सा थीं।

चोट के कारण असम की इस धाविका को पिछले साल हांग्झोउ एशियाई खेलों में शामिल नहीं किया गया था।

## युवा मुक्केबाजों ने बिखेरा जलवा, जादुमणि-आकाश युवा चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इससे पहले, शनिवार को जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गए थे। जतिन और यशवर्धन ने अपने-अपने मुकाबले 5-0 के अंतर से जीते, जबकि सागर को वॉकओवर मिला था। एम जादुमणि (51 किग्रा) और आकाश गोरखा (60 किग्रा) रविवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। जादुमणि ने अंडर-22 वर्ग के दूसरे दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने) निर्णय के साथ मंगोलिया के अल्दरखिशिग बटुल्गा को मात दी। आकाश को मंगोलिया के गनबातार गान एर्डीन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 4-1 से जीता। दोनों



मुक्केबाज मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे। इससे पहले, शनिवार को जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गए थे। जतिन और यशवर्धन ने अपने-अपने मुकाबले 5-0 के अंतर से जीते, जबकि सागर को वॉकओवर मिला था। सोमवार को लक्ष्मी (50 किग्रा), तमन्ना (54 किग्रा), यात्री पटेल (57 किग्रा) और श्रुष्टी साथे (63 किग्रा) सहित 11 मुक्केबाज महिलाओं के वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। इनके अलावा बृजेश ताम्ता (48 किग्रा), जितेश (54 किग्रा), सागर जाखड़ (69 किग्रा), सुमित (67 किग्रा), राहुल कुंडु (75 किग्रा), हेमंत सांगवान (86 किग्रा) और लक्ष्य राठी (92 प्लस किग्रा) पुरुष वर्ग में हिस्सा लेंगे। युवा और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः छह और सात मई को खेले जाएंगे।




## विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर दिया मुंह तोड़ जवाब

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आईपीएल:2024 में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बड़ी आसानी के साथ अपने नाम कर लिया। यह इस सीजन आईपीएल में आरसीबी की तीसरी जीत है। इस मैच में विल जैक्स ने शानदार शतक जड़ा जिसके कारण उनकी टीम यह मुकाबला जीत सकी।

विल जैक्स के अलावा इस मैच में विराट कोहली ने भी शानदार पारी खेली। विराट आज के मैच में काफी एग्रेशन में नजर आए। विराट कोहली ने इस मुकाबले के बाद कई बड़े बयान दिए। जहां उन्होंने अपने स्ट्राइक रेट के बारे में भी बात कही है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच जीतने के बाद विराट कोहली ने पहले जैक्स पर कहा कि जब जैक्स बल्लेबाजी करने आए थे, तो वह थोड़ा नाराज थे कि वह गेंद को उतनी सफाई से नहीं मार पा रहे थे जितना वह चाहते थे, लेकिन हमारे बीच केवल यही बातचीत हुई थी कि एक दूसरे का समर्थन करते रहें, टिके रहें क्योंकि हम जानते हैं कि वह कितना विस्फोटक हो सकते हैं। जैसे ही उन्होंने मोहित शर्मा के ओवर में काफी रन बनाए मेरी भूमिका पूरी तरह से बदल गई, मुझे खुशी थी कि मैं दूसरे छोर से खेल देख रहा था। मेरा मतलब है, मैंने सोचा था कि हम 19 ओवर में खेल जीत सकते हैं, लेकिन इसे 16 ओवर में समाप्त करना कमाल था।

### स्ट्राइक रेट पर क्या बोले कोहली

विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर हो रही बातों को लेकर कहा कि वे सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे स्पिन को अच्छी तरह से नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं, वे वही लोग हैं जो इस बारे में बात करना पसंद करते हैं। लेकिन मेरे लिए, यह टीम के लिए खेल जीतने के बारे में है और एक कारण है कि ऐसा मैं पिछले 15 सालों से कर रहा हूं क्योंकि मैनें दिन-ब-दिन ऐसा ही किया है और आपने टीमों के लिए खेल जीते हैं।

यदि आप खुद उस स्थिति में नहीं रहे हैं, तो मुझे पूरा यकीन नहीं है कि एक बॉक्स से बैठकर खेल के बारे में बात करना आसान है। मैं वास्तव में इस बारे में नहीं सोचता। तो, मेरे लिए यह सिर्फ अपना काम करने के बारे में है। लोग खेल के बारे में अपने विचारों और धारणाओं के बारे में बात कर सकते हैं लेकिन जो लोग इसे खेल रहे हैं, वे जानते हैं कि क्या हो रहा है और यह अब मेरे लिए अब आम बात की तरह है।

## फाइनल से पहले भारतीय कोच किए गए थे निलंबित, लगा आर्थिक जुर्माना, फिर भी पदक जीते भारत के तीरंदाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूत्रों की मानें तो मुकाबले के दौरान कोच की मौजूदगी के बावजूद एक अन्य वरिष्ठ कोच भी एफओपी में चले गए। इस पर उन्हें पहली चेतावनी दी गई, लेकिन इस बारे में साथी कोचेज को नहीं बताया गया। विश्व कप में प्रशिक्षकों की भारी भूल के बावजूद तीरंदाजों ने स्वर्णिम प्रदर्शन किया। फाइनल के दौरान भारतीय तीरंदाजों के साथ प्रशिक्षकों को जाने से रोक दिया गया। बावजूद इसके तीरंदाजों ने पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीत विश्वकप में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आर्चरी फील्ड में एक से अधिक प्रशिक्षकों की मौजूदगी पर आयोजकों ने प्रशिक्षकों को न सिर्फ निलंबित किया बल्कि उन पर आर्थिक जुर्माना भी ठोका है। आयोजकों ने तीसरी चेतावनी में भारतीय



कोचेज को आर्चरी फील्ड में जाने से रोका और जुर्माना लगाया।

### तीसरी गलती पर की गई कार्रवाई

नियमों के अनुसार आर्चरी फील्ड (एफओपी) में टीम के साथ सिर्फ एक कोच को जाने की इजाजत होती है।

## एक नजर

### विद्युत तार की चिंगारी से गेहूं की फसल में लगी आग

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के गुलाब बिगहा गांव में 11,000 वोल्ट का तार टूटने एवं उससे निकली चिंगारी से गांव के किसान संजय शर्मा के गेंहू का खेत एव उनके आम के बगीचें में आग लग गई।सूचना मिलते ही ग्रामीण एवं अग्निशमन दल की तीन गाड़ियों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान ने बताया कि चार बिगहा में गेंहू का फसल, एक बिगहा में आम, पटवन के लिए लगा पाइप, स्प्रिंकलर सबकुछ जलकर नष्ट हो गया।करीब डेढ़ लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### पीएमसीएच के नए भवन में 13 मई से आठ विभागों की ओपीडी होगी शुरू

**पटना (नि.सं.)।** पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल(पीएमसीएच) में इमरजेंसी के ठीक पहले तैयार हुए कॉमन यूटिलिटी बिल्डिंग(सीयूबी) में 13 मई से आठ नए विभागों की ओपीडी सेवा शुरू होगी। इसकी पूरी तैयारियां की जा रही है। नए भवन में ओपीडी सेवा शुरू होने वाले विभागों में चर्म रोग, न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, पेडियाट्रिक, यूरोलॉजी, पेडियाट्रिक सर्जरी, कॉर्थियोथेरेसिक सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स शामिल हैं। पीएमसीएच अधीक्षक डॉ.आईएस ठाकुर ने बताया कि नए ओपीडी के संचालन के लिए डॉक्टरों का ड्यूटी रोस्टर तैयार किया जा रहा है। फिलहाल नए भवन में पांच विभागों की ओपीडी सेवा संचालित हो रही है। इन पांच विभागों में मेडिसिन, जेरियाट्रिक, पीएमआर, गैस्ट्रो और मेडिसिन विभाग की ओपीडी शामिल है। इस प्रकार 13 मई से नए भवन में कुल 13 ओपीडी का संचालन शुरू हो सकेगा। बताते चलें कि नए भवन में ओपीडी की संख्या बढ़ने के साथ ही मरीजों की संख्या में भी काफी इजाफा होने की संभावना है। इसे देखते हुए अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि नए भवन में तीन लिफ्ट की सुविधा है। मरीजों को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी नए ओपीडी में लगायी जाएगी।

### शराब पर नकेल के लिए पड़ोसी राज्यों में भी शुरू हो गई छापेमारी

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में शराब के धंधे पर नकेल कसने के लिए कई स्तर पर नई पहल की जा रही है। इसके तहत पड़ोसी राज्य में भी शराब के धंधेबाजों और शराब को छिपाकर रखने वाले स्थानों पर छापेमारी शुरू की गई है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के स्तर पर पड़ोसी राज्य के पूरे सीमावर्ती इलाकों में गुप्त सूचना के आधार पर पहले जानकारी एकत्र की जाती है कि कहां-कहां अवैध शराब की खेप को छिपाकर रखी गई है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# मतदाताओं को हर हाल में मतदान के लिए घर-घर जाकर करें जागरूक : डीएम

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सोमवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कराकाट(35) संसदीय क्षेत्र की तैयारी से संबंधित स्वीप कार्यक्रम पर विशेष दिशा निर्देश एवं विचार विमर्श हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम बैठक में आए सभी पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी ने स्वागत किया। बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस बैठक का मकसद काराकाट-35 संसदीय क्षेत्र में भीटीआर को बढ़ाना है। जिसके लिए हमें हर स्तर पर तैयारी करने की आवश्यकता है। औरंगाबाद 37 संसदीय क्षेत्र में 2019 लोकसभा चुनाव में लगभग 53.50% वोटिंग हुआ था लेकिन 2024 में लगभग 50% वोटिंग हुआ। 3.5 प्रतिशत वोटिंग पिछली बार की तुलना में कम रहा जो एक बहुत चिंता का विषय है। दोबारा ऐसी गलती काराकाट-35 संसदीय क्षेत्र मैं ना हो इसे चैलेंज के रूप में लेना है और पिछला बार से 5% अधिक वोटिंग कराना है। सारे पदाधिकारी से जिला पदाधिकारी ने आग्रह एवं निर्देशित किया कि अपने माध्यम से सारे कर्मियों सुदृढ करें।

हमारे बीएलओ की चुनाव में काफी अहम भूमिका होती है उनको सुदृढ करने की अवशयकता है। बीएलओ सभी घरों से परिचित होते हैं वोटर स्लिप घर-घर जाकर बांटते हैं। जब वोटर स्लिप 90% बंट जा रहा है फिर भी वोट प्रतिशत नहीं बढ़ रहा है तो इसका मतलब है कि घर में वोटर हैं और घर से बाहर वोट देने के लिए नहीं निकल रहे हैं हमें उन्हें बाहर हर हाल में वोटिंग करने के लिए जागरूक करना है। जिला अधिकारी ने निर्देश दिया कि हर बूथ स्तर पर टीम बनाने की आवशयकता है 4100 वैसे लोग हैं कि जिन्हें टीम के रूप ले सकते हैं जिनमें शामिल टोला सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता जीविका दीदी जो एक बूथ पर चार लोग टीम में शामिल रहेंगे। आवास सहायक किसान सलाहकार एवं विकास मित्र को दो बूथ पर मिलकर एक मैनेजर के रूप में कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त बूथ लेवल से ऊपर टीम में शामिल पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी वह पांच बूथ पर एक टीम में शामिल रहेंगे। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वह जल्द से जल्द इन सभी कर्मियों को नाम मोबाइल नंबर और नजदीकी बूथ का लिस्ट बनाकर भेजें। 2 मई से प्रत्येक टीम बुत स्तर तक पहुंचेगी और प्रत्येक दिन कम से कम 20 से 25 घरों तक पहुंचकर मतदाता को जागरूक करेगी। साथ ही साथ अगर किसी बूथ पर अगर कोई व्यक्ति वोट का बहिष्कार करना चाह रहा है तो उसे तुरंत संज्ञान में वरीय पदाधिकारी को दें। इसके अतिरिक्त इन टीमों की दायित्व होगी कि वोटिंग के दिन 2 बजे के बाद गांव में घूम घूम कर लोगों को वोट दिलाने के लिए हर संभव बूथ तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। जिन बूथ पर पहले के अपेक्षा 10% ज्यादा वोट होगा उन टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा एवं इलेक्शन कमीशन का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। राशन डीलर कि दुकानदारों को दायित्व दिया गया कि अपने दुकान पर बूथ पर मिलने वाली सारी सुविधाओं को फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार करेंगे एवं मतदाता जागरूकता संबंधित गाना, जिंदल बजाकर मतदाता को जागरूक करेंगे। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, अपर उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, स्वीप कोषांग नोडल पदाधिकारी पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत 40 छात्राओं को दी जायेगी निःशुल्क शिक्षा





- बारूण एवं नबीनगर ब्लॉक के 21 विद्यालयों से 40 छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी जिसमे गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि जैसे विषय पढ़ाये जाएंगे।

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** एनटीपीसी नबीनगर ने सोमवार को बालिका सशक्तिकरण अभियान के लिए चयनित छात्राओं का मेडिकल टेस्ट कराया। यह मेडिकल टेस्ट परियोजना परिसर में स्थित अस्पताल में चिकित्सकों के देख रेख में किया गया। एनटीपीसी नबीगर मई महीने में बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन करवाने जा रहा है। परियोजना द्वारा आयोजित इस एक मासिक अभियान में बारूण एवं नबीनगर ब्लॉक के 21 विद्यालयों से 40 छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी जिसमे गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि जैसे विषय पढ़ाये जाएंगे। नियमित शिक्षा के साथ साथ सर्वांगीण विकास हेतु छात्राओं को कराटे, योग एवं अन्य प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अभियान के दौरान, छात्राओं को परियोजना में छात्रावास एवं पौष्टिक आहार की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

एनटीपीसी नबीनगर ने इस अभियान के तहत प्रतिभागियों की चिकित्सीय जांच के साथ-साथ बेसलाइन सर्वेक्षण भी करवाया जिसके द्वारा छात्राओं की शैक्षिक क्षमता का अनुमान लगाया जाता है। इस सर्वेक्षण के आधार पर छात्राओं के स्वास्थ्य एवं छमता के अनुसार उनके लिए विशिष्ट व्यवस्था एवं पाठ्यक्रम का प्रबंध किया जाता है। ज्ञातव्य हो की एनटीपीसी नबीनगर ने पिछले साल भी इस अभियान के तहत 40 छात्राओं को सफलता पूर्वक एक माह का उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया था।

## छात्रा के जन्मदिन पर स्कूल ने आयोजित किया वृक्षारोपन कार्यक्रम



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के यारी रोड स्थित संत जेवियर हाई स्कूल में सोमवार को शहर के निवासी मुन्ना सिंह की पुत्री वर्ग-8 की छात्रा अक्षिता अनुराग के जन्मदिन पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं प्राचार्य ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। छात्रा के पिता मुन्ना सिंह ने बताया कि इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रीता झा सहित अन्य कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने अक्षिता को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से दीर्घायु होने एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान अक्षिता के परिवार भी उपस्थित रहे।

## लोस चुनाव : बिहार में नही खुलेगा इंडी-महागठबंधन का खाता : सोनू सिंह



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोजपा (रामविलास) के प्रदेश महासचिव सह बक्सर के जिला संगठन प्रभारी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने दावा किया कि बिहार में इंडी-महागठबंधन का खाता नही खुलेगा। औरंगाबाद के ओबरा विधानसभा क्षेत्र में काराकाट से एनडीए उम्मीदवार व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में जनसंपर्क के दौरान सिंह ने कहा कि जिस तरह 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार में विपक्षी गठबंधन का सुपड़ा साफ हो गया था। उसी तरह इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भी राज्य में इंडी-महागठबंधन का खाता तक नही खुलेगा। राज्य की सभी 40 की 40 सीटें एनडीए के खाते में आएंगी। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार होगा और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि काराकाट में उपेंद्र कुशवाहा की आंधी बह रही है। जनता उनके पक्ष में है। उनका चुनाव जीतना तय है।

## नामांकन हेतु लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन

**औरंगाबाद (का.सं.)।** सोमवार को नगर भवन, औरंगाबाद के सभागार में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार पटना द्वारा संचालित राजकीय अम्बेडकर आवासीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, औरंगाबाद में वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु चयन के लिए अभेन्द्र मोहन सिंह, उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद की अध्यक्षता में लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया जिसमें लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 20 छात्राओं का चयन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नीलम मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद, सविता, प्रधानाध्यापक राअआबा+2 उच्च विद्यालय, सिलार औरंगाबाद, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, अरविन्द कुमार, देव एवं नीलेश कुमार, नवनीगर उपस्थित रहे।

## चुनाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता



गोह (औरंगाबाद)। एक जून को होने वाले काराकाट लोकसभा संसद क्षेत्र के मतदान हेतु गोह, ओबरा एवं नबीनगर एसी में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को बीपीएम हसपुरा के नेतृत्व में विकास महिला जीविका ग्राम संगठन एवं शिवगुरु महिला जीविका ग्राम संगठन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। प्रगति जीविका सीएलएफ क्लस्टर भरूब प्रखंड ओबरा में मतदान जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण करवाया गया जिसमें आईबीसीबी मैनेजर रणंजय कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक सविता कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक विमल कुमारी, सामुदायिक समन्वयक उमाशंकर मिश्रा एवं क्लस्टर के सभी स्टाफ एवं सदस्य शामिल हुए हुए। पंचायत सरसौली, ग्राम देवकली, प्रखंड ओबरा के अंतर्गत उत्साह जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण एवं रैली का आयोजन कि गई/ जिसमें अवंती कुमारी सीसी, रेशम कुमारी सीएम, प्रमिला देवी भीआरपी, उषा देवी सीएम, उत्साह भीओ के अध्यक्ष सरिता देवी, कांति देवी आशा एवं जीविका दीदियों ने भाग ली।

काराकाट में लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा

# इंडी-महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** काराकाट में लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा को लेकर भाकपा माले के बैनर तले दाऊदनगर में सोमवार को इंडी-महागठबंधन के कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में ओबरा विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक में महागठबंधन के सभी दल के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर एकजुट होकर महागठबंधन प्रत्याशी राजाराम सिंह को विजयी बनाने का संकल्प लिया। साथ ही अन्य रणनीति पर भी चर्चा हुई। 8 मई को नॉमिनेशन को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में महागठबंधन प्रत्याशी राजाराम सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी दावा कर रहें है कि सभी को पक्का मकान, सभी को उज्ज्वला योजना के तहत सभी घरों में गैस, हर घर नल पहुंच गया है लेकिन इनके झूठे दावे तब खोखले साबित हो जाते हैं जब परसों अपने ही क्षेत्र में चूल्हे की चिंगारी से एक कच्चें घर में आग लग जाती है और उस घर में सो रहे एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो जाती है। इस लिए इस झूठे वादे वाली, किसान विरोधी, नौजवान विरोधी, छात्र विरोधी, संविधान को खत्म करने को आतुर सांप्रदायिक ताकतों को बढ़ावा देने वाली सरकार को भगाने के लिए काराकाट की जनता तैयार है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ओबरा विधानसभा के विधायक ऋषि कुमार ने कहा कि इस चुनाव में हम सब को कर्ज उतारना होगा और महागठबंधन प्रत्याशी राजाराम सिंह को विजयी बनाने के लिए हम सब को रात दिन एक कर देना होगा। कार्यकर्त्ता सम्मेलन में काराकाट लोकसभा के महागठबंधन के प्रत्याशी राजाराम सिंह, ओबरा विधानसभा के विधायक ऋषि कुमार, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिंह, वीआईपी के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, सीपीआई के ओबरा प्रखंड सचिव परीखा यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया एवं सैकड़ों कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

# निगम क्षेत्र के सभी 75 वार्ड में तैनात किए गए नोडल अफसर

निज संवाददाता

**पटना।** पटना नगर निगम के सभी 75 वार्ड में सफाई का काम कैसे चल रहा है, इसकी निगरानी के लिए हर वार्ड में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। सोमवार से इसकी निगरानी भी शुरू हो गई है। सुबह पांच बजे से 12 बजे के बीच सफाई के लिए टीम निकलेगी। सफाई का काम हो रहा है या नहीं इसकी निगरानी नोडल अफसर करेंगे। गली-मोहल्लों से लेकर प्रमुख नालों की उड़ाही का काम सही तरीके से चल रहा है कि नहीं तैनात किए गए अधिकारी देखेंगे। नगर आयुक्त अनिमेष पराशर ने सोमवार को सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिया कि किसी भी हालत में शहर में गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। पटना शहर पहले से और साफ सुथरा देखे इसके लिए नोडल अधिकारियों को प्रयास करना होगा। कई जगहों पर ऐसी शिकायत मिल रही है कि जहां से कचरा प्वॉइंट को हटा दिया गया है वहां फिर से लोग कचरा फेंकना शुरू कर दिए हैं। इसलिए ऐसे मोहल्ले और इलाके में नोडल अधिकारी जाकर लोगों को समझाएं। उन्हें इस बात की जानकारी दें कि बहुत मुश्किल से कचरा प्वॉइंट को साफ सुथरा करके सुंदर बनाया गया है लेकिन स्थानीय लोगों की सर्तकता और सहयोग नहीं रहेगा तो फिर से शहर में गंदगी दिखने लगेगी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहर को चकाचक रखा जाए। नोडल अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि निरीक्षण के दौरान यह देंखे कि किन किन इलाकों में ओपेन मैनहोल है। जहां जहां ऐसा दिखे उसे तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दें तथा उनकी जिम्मेदारी है कि मैनहोल को ठीक कराएं। बरसात के पहले शहर के एक भी मैनहोल को खुला नहीं रहने दिया जाएगा इसके लिए जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा। निगम के कंट्रोल रूम में जो शिकायतें आ रही है उसे गंभीरता से लिया जा रहा है। राजस्व बढ़ाने के लिए भी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बकाये होल्डिंग टैक्स को लोग समय पर जमा करें।

# बिहार में बंपर बहाली, छह हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती

निज संवाददाता | पटना

पंचायती राज विभाग में आउटसोर्सिंग के आधार पर बड़ी बहाली होने जा रही है। मंगलवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। यह अगले महीने की 29 तारीख तक चलेगी। एकाउंटेंट कम आईटी असिस्टेंट के 6570 पदों (6570 पोस्ट) पर यह बहाली होगी। इनमें सामान्य वर्ग के लिए 1643 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 657 पद हैं। सभी श्रेणियों की महिलाओं के लिए 23 सौ पद आरक्षित हैं। सभी श्रेणियों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए 4270 पद हैं। पंचायती राज विभाग के अनुसार, बिहार ग्राम स्वराज योजना सोसाइटी के माध्यम से यह बहाली हो रही है। बहाल होने पर हरेक पदधारक को प्रतिमाह 20 हजार रुपया मानदेय के रूप में दिया जाएगा। इसके अलावा कोई अन्य धनराशि देय नहीं है। सोसाइटी को किसी भी समय बहाली की प्रक्रिया में बदलाव करने एवं पदों की संख्या घटाने बढ़ाने का अधिकार है। सोसाइटी के परियोजना निदेशक के अनुसार, सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार 45 वर्ष की उम्र तक आवेदन कर सकते हैं।

इस श्रेणी की महिलाओं के अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं 48 वर्ष की उम्र तक आवेदन कर सकती हैं। पिछड़े एवं अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार 48 वर्ष की उम्र तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पुरुष एवं महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र तक आवेदन करने की छूट दी गई है। न्यूनतम उम्र सीमा 21 वर्ष रखी गई है।

## जो लोग चुनाव परिणाम से डर गए हैं वही बार-बार बिहार आ रहे : तेजस्वी

निज संवाददाता



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि जो लोग चुनाव परिणाम को लेकर डर गये हैं वही बार-बार बिहार आ रहे हैं। उन्होंने सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह के बिहार के झंझारपुर तथा बेगूसराय आगमन के पूर्व तंज किया। दावा किया कि बिहार में महागठबंधन के पक्ष में माहौल है। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए है। श्री यादव सोमवार को अपनी बहन रोहिणी आचार्य के सारण संसदीय क्षेत्र में नामांकन के लिए रवाना होने के पूर्व पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कही। तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन को बिहार की जनता जिताने जा रही है, इसी का नतीजा है कि अब भाजपा के नेता बार-बार बिहार आ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज किया और कहा कि उन्होंने बिहार की जनता से कई वायदे किए थे, लेकिन कुछ भी बिहार को नहीं मिला। वे नौकरी, रोजगार, महंगाई जैसे मुद्दों पर नहीं बोलते हैं। उन्होंने दावा किया कि सारण सहित पूरे बिहार में महागठबंधन के उम्मीदवारों की जीत होगी।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक




आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433